डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 फरवरी 2025 गुरुवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## ग्लोबल संकेतों से परेशान बाजार, फिर उतार पर



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार का उतार चढाव निवेशकों को परेशान कर रहा है। आज सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन भी सेंसेक्स-निफ्टी दोनों बेहाल नजर आ रहे हैं। मार्केट ओपन होने के साथ ही एक ओर जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 300 अंकों से ज्यादा का गोता लगा गया, तो दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक से ज्यादा टूटकर खुला। इस बीच शुरुआती कारोबार में एचडीएफसी बैंक से लेकर आरवीएनएल तक के शेयरों में तगड़ी गिरावट देखने को मिली। दरअसल मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार जूझता नजर आ रहा है। इसीलिये आज शुरूआत के बाद भी गिरावट तेज होती गई, कुछ मिनटों के कारोबार के दौरान ही सेंसेक्स 380 अंक फिसलकर 75,546 के स्तर पर ट्रेड करने लगा।

## फडणवीस से अलग राह पर दोनों डिप्टी सीएम !



**पुणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र में इस बार महायुति की सरकार को लेकर कई तरह के संकेत संदेश लगातार उभर रहे हैं। यहां तक कि मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के बीच सब कुछ ठीक न होने की लगातार खबरें सामने आ रही हैं। इससे महायुति सरकार में दरारें दिखा रही हैं। अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पदयात्रा का मामला सामने आ गया है। पुणे में शिवाजी जयंती के अवसर पर देवेंद्र फडणवीस ने एक रैली निकाली,तो दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार नजर नहीं आए। यह केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित की थी। इसका मुख्य समारोह पुणे में हुआ। बीस हजार से अधिक युवाओं ने 'जय शिवाजी, जय भारत' के नारों के बीच सीओईपी से फर्ग्यूसन कॉलेज मैदान तक आयोजित पदयात्रा में भाग लिया, लेकिन शिंदे व पवार की गैरमौजूदगी से पूरा कार्यक्रम भाजपा का नजर आया।

### भाजपा की प्रचंड जीत के बारह दिन बाद सरकार ने शुरू किया कामकाज

# दिल्ली की पिच पर 'दोनों सिरे' से भाजपा की पारी, रेखा अब सीएम, 6 मंत्रियों की शपथ

**नईदिल्ली, एजेंसी**



भाजपा ने आज से %दिल्ली राज्य% पर भी शासन शुरू कर दिया। अब केंद्र में भी भाजपा की सरकार है और दिल्ली पर भी भाजपा का शासन हो गया है। यानि दोनों सिरे से भाजपा की बैटिंग का संयोग बना है। इसे भाजपा डबल इंजन सरकार भी कहती है। आज पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। वे दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री बनीं। ऐतिहासिक रामलीला मैदान पर यह कार्यक्रम हुआ। इसे भाजपा ने मेगा शो बना। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री व मप्र समेत भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्मयंत्री शामिल हुए। इससे पहले केजरीवाल सरकार का शपथ कार्यक्रम भी यहीं हुआ था। रेखा गुप्ता के साथ सरकार के छह मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इनमें नई दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा तथा आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह भी शामिल हैं। जबकि विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष का पद मिला है। मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर चुना गया है। आज रामलीला मैदान पर शपथ से पहले रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। अब जल्द ही महिलाओं के खाते में ढाई हजार रूपये की राशि पहुंचेगी। गुप्ता ने कहा कि मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी। ज्ञात हो कि केजरीवाल जिस मुख्यमंत्री आवास मे रहते थे, उसे भाजपा ने शीशमहल नाम दिया है। इसे केजरीवाल ने पुननिर्माण व अन्य बदलाव के साथ इसे बनवाया था। भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने इसे बनवाने में नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों रुपए खर्च किए थे। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा भी बनाया था। आज सीएम गुप्ता ने कहा कि मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पीएम मोदी और पार्टी हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूं। उल्लेखनीय है कि विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया था। माना जा रहा है कि दिल्ली में बडा वैश्य वर्ग होने व महिला के चलते रेखा गुप्ता को चुना गया है। हालांकि वे पहली बार की विधायक ही हैं।





शपथ से पहले मप्र के सीएम मोहन यादव व वसुंधरा राजे के साथ रेखा यादव

### आरएसएस ने बढ़ाया नाम !


दिल्ली की मुख्यमंत्री 50 साल की रेखा गुप्ता जिंदल शालीमार बाग सीट से विधायक हैं। उन्होंने आप की वंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराया था। रेखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से शुरू से जु?ी हैं। दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। माना जाता है कि दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर संघ ने ही रेखा गुप्ता का नाम आगे बढ़ाया था और पार्टी ने उस पर मुहर लगा दी। रेखा ने छात्र राजनीति से करियर की शुरुआत की, इससे पहले वे दो बार विधायक का चुनाव हार चुकी हैं। ज्ञात हो कि भाजपा ने दिल्ली में 48 सीटें जीती हैं व आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं।

## महाकुंभ जा रहे भोपाल के चार श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत

**मैहर, एजेंसी**

आज तड़के एनएच 30 पर एक सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा भेजा गया। यह हादसा उस समय हुआ जब प्रयागराज जा रही बस को पीछे से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो में सवार भोपाल के 7 कुंभ यात्रियों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला की मौत अस्पताल में हो गई है। दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को पहले सिविल अस्पताल मैहर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ितों की पहचान की कोशिशें की जा रही हैं। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायलों का हाल जानने मैहर तहसीलदार जितेंद्र पटेल सिविल अस्पताल पहुंचे। सभी यात्री प्रयागराज कुंभ मेले में जा रहे थे।

**उधर,** यूपी के जौनपुर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। हादसा देर रात हुआ, हाइवे किनारे डबल डेकर बस और एक ट्रक में जोरदार टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई वहीं,कुछ देर बाद हुआ टाटा सूमो गाड़ी को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। सूमो सवार सभी लोग झारखंड के रहने वाले थे, वे प्रयाग जा रहे थे।



स्कार्पियो भिड़ी बस से, 3 घायल



## घर में तीन महिलाओं की लाशें छोड़ कार से आत्महत्या करने निकले पुरुष


### रोंगटे खड़े करने वाला मामला

**कोलकाता, एजेंसी।** शहर के टेंगरा इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, यहां एक ही परिवार के छह सदस्यों से जुड़ी एक दर्दनाक घटना उजागर हुई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल मिले, जबकि उनके घर में तीन शव बरामद हुए। बताया जाता है कि कोलकाता के रूबी इलाके में एक तेज रफ्तार कार मेट्रो के पिलर से टकरा गई थी हादसे में प्रणय डे, उनके भाई प्रसून और एक 16 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने जब इन घायलों से पूछताछ शुरू की तो मामला और भी रहस्यमय हो गया। प्रणय ने बताया कि यह सिर्फ एक एक्सीडेंट नहीं, बल्कि एक सोची-समझी आत्महत्या की कोशिश थी, प्रणय ने बताया कि उनके घर में पहले ही तीन और लोगों ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद जब पुलिस टैंगरा स्थित उनके घर पहुंची. तो मुख्य दरवाजे पर ताला था, दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए अधिकारियों ने जो देखा, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला था यहां तीन महिलाओं के शव पड़े थे। पूरे घर में खून के निशान थे, अब पुलिस हत्या व आत्महत्या के एंगल पर जांच कर रही है।

## चुनाव में अमेरिकी फंडिंग रुकने पर गरमाई सियासत

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए तो अब भारत की राजनीति गरमा गई है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने ट्रंप के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। मालवीय ने कैप्शन में ट्रंप के बयान के अंश साझा किए जिसमें ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि वे (बाइडन) किसी और को निर्वाचित कराना चाहते थे। हमें इस बारे में भारत सरकार को बताना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय चुनाव में अमेरिकी एजेंसी के जरिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग पर नाराजगी जाहिर की। भाजपा ने भी ट्रंप के बयान को हाथों हाथ लिया और इसे भारत की चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप बताया है। भाजपा नेता मालवीय ने लिखा कि भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर यह पक्के तौर पर भारत की चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप की कोशिश है। इससे किसे फायदा हुआ निश्चित तौर पर सत्ताधारी पार्टी को तो इसका लाभ नहीं मिला है।



**मेट्रो एंकर**

### चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का बांग्लादेश से पहला मुकाबला

# फिरकी या बैट... रेत पर आसान नहीं राह

**आलोक गोस्वामी**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला मुकाबला ही उलटफेर वाला साबित हुआ, जब इस ट्रॉफी की पिछली विजेता पाकिस्तान टीम को अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा। अब लगातार 12 दिनों तक चलने वाले लीग चरण वाले टूर्नामेंट के दूसरे मैच में इसी पूल की दो टीमें आज आमने सामने हैं। दुबई के मैदान पर पिछली चैंपियंस ट्रॉफी उपविजेता टीम इंडिया का सामना बांग्लादेश से है। भले ही टीम इंडिया की दावेदारी इस मैच में बेहद मजबूत कही जा रही हो लेकिन रोहित सेना के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी ताकत को जांचने और परखने के लिहाज से यह मैच काफी अहम रहने वाला है। अगर हम टीम इंडिया की अंतिम एकादश के चयन पर नजर डालें तो फिर दिलचस्प पहलू सिर्फ फिरकी और तेज गेंदबाज के संयोजन का है। टीम इंडिया को अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलने हैं। ऐसे में यह देखना है कि एकादश में तीन फिरकी को शामिल करते हैं या फिर तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरते हैं। अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी का खेलना तय है। वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह में से सिर्फ दो गेंदबाजों को मौका मिल सकता है, क्योंकि हार्दिक पांड्या की छठे गेंदबाज की भूमिका तय है।

यह बात सच है कि टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है,लेकिन एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है। पहले ही मैच में पाकिस्तान की हार भी आने वाले मैचों के लिए यही इशारा कर रही है। वैसे तो हाल ही में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक हफ्ते में दो बार शिकस्त झेलना पड़ी है।




### पाकिस्तान की सरजमीं पर बल्लेबाजों का बोलबाला

दरअसल पाक टीम को अपनी जमीन पर ट्राएंगुलर सीरीज में कीवियों ने पहले ग्रुप राउंड में हराया और फिर फाइनल में भी पटखनी दी थी। मतलब दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है। सलामी बल्लेबाज विल यंग और टॉम लैथम न्यूजीलैंड की इस जीत के हीरो रहे, दोनों बल्लेबाजों ने शानदार शतक लगाये,वहीं आलराउंडर ग्लेन फिलिप ने भी विस्फोटक बल्लेबाजी और लाजबाब फील्डिंग से इस जीत में अहम योगदान दिया। सही मायने में पाक टीम इस मैच के किसी भी पहलू यानि बल्लेबाजी, गेंदबाजी ओर फील्डिंग में न्यूजीलैंड टीम के इर्दगिर्द भी नजर नहीं आयी। वैसे पाकिस्तान की सरजमीं पर मैच में बल्लेबाजों का ही बोलबाला रहा है। टॉस भले ही कल पाकिस्तान ने जीता, लेकिन गेंदबाज टॉस की उपयोगिता साबित करने में नाकामयाब रहे। पाकिस्तान की बल्लेबाजी स्कोरबोर्ड के दवाब में ढेर हुई। कराची की पिच को देखकर यही लगा कि चैंपियंस ट्रॉफी में बल्लेबाजों की ताकत और फिरकी के जाल का ही अहम किरदार रहने वाला है। अब बारी दुबई के मैदान की पिच की है जिस पर आज टीम इंडिया और बांग्लादेश की भिड़ंत हो रही है। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि अलग अलग सरजमीं (पाकिस्तान और दुबई) के मैदानों पर होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में जादू किसका चलता है। पहली मैच के बाद शुरुआती दौर में तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि चलेगी फिरकी या फिर रहेगा बल्ले का बोलबाला.....।

## अलाहबादिया मामला संसदीय समिति एक्शन में

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर कार्यक्रम करने वाले रणवीर अलाहबादिया की अपमानजनक टिप्पणी के मामले में बड़ा कदम उठाते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जवाब मांगा है। समिति ने मंत्रालय से कहा कि वह ऐसे मामलों से निपटने में मौजूदा कानूनों के असर और ऑनलाइन मंचों को कानूनी जांच के दायरे में लाने के लिए आवश्यक किसी भी संशोधन पर एक नोट प्रस्तुत करें।

## विश्व सामाजिक दिवस पर मंत्री ने दी शुभकामनाएं


**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने विश्व सामाजिक दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि दुनिया भर में सामाजिक न्याय,एकता और संसाधनों के समान वितरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा वर्ष 2007 में 20 फरवरी को भी सामाजिक दिवस पर मनाया जाने का निर्णय लिया गया था। देश में पहली बार 2009 से यह दिवस मनाया जाने लगा।

## भोपाल और आरकेएमपी रेलवे स्टेशन पर भी श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

# मेट्रो कंस्ट्रक्शन और डायवर्जन के कारण चल रहे 2 किमी पैदल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महाकुंभ में जाने वाली महा भीड़ के दबाव में रेलवे का दम फूल गया है। भोपाल और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बंपर भीड़- भाड़ के चलते यहां भी दिल्ली जैसे हादसे की आशंका मंडरा रही है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर है। यहां मेट्रो प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन और अन्य निर्माण कार्य के चलते पूरा रास्ता डायवर्ट कर दिया गया है। इसी बीच भोपाल रेल मंडल ने दिल्ली घटना के बाद स्टेशनों पर आरपीएफ और जीआरपी बल की अतिरिक्त तैनाती कर दी है। एडवाइजरी जारी कर यात्रियों से संयम



बरतने की अपील की जा रही है। ट्रेन पकड़ने लोग नादरा बस स्टेंड से पैदल स्टेशन तक आने को मजबूर हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहन नादरा बस स्टैंड पर उतार रहे हैं। ये यात्री ट्रेन पकड़ने प्लेटफार्म नंबर 6 की बेहद संकरी एंट्री से होकर परिसर में दाखिल होते रहे, कई इस प्रयास में चोटिल भी हो रहे हैं।

**भोपाल रेल मंडल की एडवाइजरी:** प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनों में विशेष सफाई और कोचों में पानी भरने की सुविधा सुनिश्चित की गई है। यात्रियों को कोच के पायदान पर बैठकर यात्रा करने से बचने और सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी जा रही है। रेल सुरक्षा बल के जवान चौबीसों घंटे सतर्क रहते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित गश्त, मार्च पास्ट, बैग चेकिंग, और विस्फोटक व ज्वलनशील पदार्थों की जांच की जा रही है। मंडल के 375 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्टेशनों और ट्रेनों में भीड़ और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के जरिए अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जनता थाली, दूध, फ्रूट जूस और पेयजल की उपलब्धता को प्राथमिकता दी गई है।

### कुंभ जाने वाली ये ट्रेनें रहेंगी डायवर्ट

- 15017 लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- 11071 लोकमान्य तिलक ट.-बलिया एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- 22129 लोकमान्य तिलक ट.-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-अयोध्या कैंट होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- बलिया-लोकमान्य तिलक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

## परिंदों का डेरा



भोपाल। मौसम का असर सब पर होता है। इन दिनों जबकि वसंत में पेडों से पत्ते झड़ रहे हैं तो पक्षियों को भी कुछ दिन नए डेरे तलाशने पड़ रहे हैं। ।

# कंपनी को 14 रुपए में ग्राहक को कैरी बैग देना पड़ा भारी, अब देने होंगे 25 हजार रूपाए

### उपभोक्ता आयोग ने इसे अनुचित व्यापार मानते हुए उपभोक्ता को दिलाया हर्जाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

फर्स्ट क्राई कंपनी को अपना लोगो छपा हुआ कैरी बैग ग्राहक को देना और इसके एवज में 14 रुपए लेना महंगा पड़ गया। अब मामले में उपभोक्ता आयोग भोपाल ने इसे अनुचित व्यापार मानते हुए कंपनी को न सिर्फ 14 रुपए वापस करने, बल्कि मानसिक कष्ट के लिए 10,000 रुपए और केस खर्च के रूप में 15,000 रुपए देने का फैसला सुनाया है। दरअसल, राजधानी निवासी सानिध्य जैन ने 24 अप्रैल 2023 को कोलार रोड स्थित फर्स्ट क्राई स्टोर से 162 रुपए के सामान की खरीदारी की। बिल चेक करने पर उन्होंने देखा कि स्टोर ने 14 रुपए अतिरिक्त जोड़ दिए हैं। जब उन्होंने इस बारे में स्टोर से सवाल किया, तो जवाब मिला कि कंपनी पॉलिसी के तहत कैरी बैग का चार्ज लिया जाता है। ग्राहक को यह बात अनुचित लगी और उन्होंने उपभोक्ता आयोग में न्याय की गुहार लगाई। मामले में फोरम की बेंच 1 के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य प्रतिभा पांडे ने यह फैसला सुनाया है।

**कंपनी का तर्क कैरी बैग लेना ग्राहक की मर्जी:** कंपनी ने फोरम में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कैरी बैग लेना ग्राहक की मर्जी थी और शुल्क की जानकारी पहले से थी। लेकिन फोरम ने इसे अनुचित व्यापार और सेवा में कमी मानते हुए कंपनी का तर्क खारिज कर दिया।

## अंगदान को बढ़ावा देने के लिए एमओयू

**भोपाल।** एम्स ने अंगदान को बढ़ावा देने के लिए किरण फाउंडेशन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। अब हर साल 7.5 लाख किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, लेकिन केवल 17, 500 ही संभव हो पाते हैं। यह पहल इस कमी को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगी। एमओयू कार्यक्रम डॉ. केतन मेहरा और डॉ. विक्रम वट्टी की देखरेख में हुआ। इस मौके पर निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि अंगदान जरूरतमंदों को नया जीवन दे सकता है। किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ. राकेश भार्गव ने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही।

## अलंकृता को एक्सीलेंस अवार्ड

**भोपाल।** कार्मेल कॉन्वेंट बीएचईएल स्कूल की शिक्षिका अलंकृता जोसफ को वाईएमसीए सेंट्रल इंडिया रीजन द्वारा 'एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उन्होंने वैज्ञानिक तकनीकों और प्रयोगों के माध्यम से वंचित बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 0350 से अधिक उम्मीदवारों में से चयनित होकर, उन्हें वाईएमसीए बैरागढ़ द्वारा 'स्टार ट्रॉफी' भी प्रदान की गई, जो उनके असाधारण कौशल और उत्कृष्ट हस्तलेखन के लिए थी। इसके अतिरिक्त, उन्हें युवा लड़कियों को वैज्ञानिक ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए प्रेरित करने हेतु 'प्रेरणादायक स्मृति चिह्न पुरस्कार' से भी नवाजा गया। समारोह वाईएमसीए बैरागढ़, भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने भाग लिया। इससे पहले, अलंकृता जोसफ को स्पेशल ओलंपिक्स भारत द्वारा कला और कौशल के माध्यम से विशेष बच्चों की शिक्षा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भी सम्मानित किया गया था।



## 100वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर 24 मार्च से लगेगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में जीव सेवा संस्थान के सहयोग से 100वां निःशुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरूआत 24 मार्च से होगी। शिविर में पेशाब से संबंधित बीमारियों का इलाज और सर्जरी होगी। सेवासदन नेत्र चिकित्सालय के आइ.एच.एल खण्ड में पूर्वान्ह 10 बजे से संध्या चार बजे तक रोगियों का पंजीयन शुरु हो गया है। पंजीयन 24 मार्च तक रविवार छोड़कर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा । मरीज, मोबाइल नम्बर 6260392547 पर भी पंजीयन करवा सकते हैं ।

### सेवासदन में पंजीयन शुरू, 28 मार्च से होगी सर्जरी

**क्या-क्या सुविधा रहेगी :** मरीजों की सभी प्रकार की पैथालॉजी जांचें, सोनोग्राफी, एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री जांच, आवश्यक होने पर ऑपरेशन, अस्पताल में भर्ती करने, दवाईयां, भोजन, दूध, फल तथा ऑपरेशन पूर्व और पश्चात् रोगी की देखभाल निःशुल्क की जायेगी ।


**रोगी को क्या करना होगा :** रोगी अपने आधार कार्ड की एक फोटो कॉपी तथा परिवार के किसी सदस्य अथवा रिश्तेदार का मोबाइल नम्बर जरूर लेकर आये। पेशाब की रूकावट और अन्य बीमारियों से पी?त रोगियों ने यदि पहले कभी इलाज करवाया हो तो उसके पर्चे तथा जांच रिपोर्टे अवश्य लेकर आयें।

**कब क्या होगा शिविर में :** शिविर 24 से 31 मार्च तक चलेगा। 24 से 27 मार्च तक डॉक्टरों से परामर्श तथा जांचें की जायेगी। ऑपरेशन के लिये चिन्हित रोगियों को 27 मार्च को अस्पताल में भर्ती किया जायेगा। यूरोलॉजी विशेषज्ञों द्वारा 28 से 30 मार्च तक रोगियों के ऑपरेशन किये जायेंगे।

**संतजी ने शुरू किए थे यूरोलॉजी शिविर :** संत हिरदारामजी ने वर्ष 1994 से निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर लगवाना शुरू किये थे । तब से 2024 तक कुल 99 शिविर लगाये गये हैं। वर्ष 1994 से 2024 तक लगे 99 शिविरों में 52 हजार से अधिक रोगियों की जांच और उपचार किया गया हैं, उनमें से 11,300 रोगियों के निःशुल्क यूरोलॉजी ऑपरेशन किये गये हैं । इनमें 3641 प्रोस्टेट, 1996 पत्थरी, 2162 हर्निया, 476 सर्कमसीशन, 618 सिस्टोस्कॉपी, 494 युआरएस, 545 ब्लेडर स्टोन तथा 1300 से अधिक अन्य प्रकार की शल्य क्रियाएं शामिल हैं।

## कमजोर विषय पर फोकस परीक्षा में दिलाएगा बेहतर अंक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



परीक्षा तक जितना हो सके मोबाइल और टीवी से दूर रहना चाहिए। एकाग्र मन से पढ़ाई करनी चाहिए। पढ़ने के लिए ऐसा टाइम टेबल बनाना चाहिए जिससे विषय के लिए ज्यादा समय मिल सके। पढ़ने के लिए नोट्स जरूर बनाना चाहिए, क्योंकि परीक्षा के समय आप पूरी किताब नहीं पड़ सकते। यह बात मार्गदर्शक सिद्धभाऊजी ने बच्चों से कहे। वे दीपमाला पागरानी पब्लिक स्कूल में आयोजित 'परीक्षा पूर्व तैयारी' प्रेरक सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर घबराना नहीं चाहिए क्योंकि परीक्षा में जो भी आएगा कोर्स में से ही आएगा। पेपर खत्म होने के बाद सीधा अपने घर जाये न कि जो आप पेपर में लिखकर आए है उनके बारे में अन्य साथियों से चर्चा करें। सत्र का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सदस्य नारायणदास लालवानी, सोनीया पासी, प्राचार्य आर. के मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | साधु वासवानी एज्युकेश्नल सोसायटी का कार्यक्रम आयोजित

# 'एक शाम दिवंगत ट्रस्टियों के नाम' में सम्मान, सेवाओं को याद किया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी एज्युकेश्नल सोसायटी द्वारा 'एक शाम दिवंगत ट्रस्टियों के नाम' का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मनोहर ममतानी अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग थे। अध्यक्षता एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। अतिथियों का स्वागत और दिवंगत ट्रस्टियों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव राजेन्द्र मनवानी ने महाविद्यालय की स्थापना 1979 से लेकर वर्तमान तक सोसायटी के ट्रस्टियों के अथक योगदान व



उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय की गतिविधियों को रखा। ममतानी ने कहा कि संस्था के ट्रस्टियों द्वारा महाविद्यालय की जो नींव रखी गई थी, उसे शिखर तक पहुंचाने के लिए साधु वासवानी एज्यूकेश्नल सोसायटी के सदस्यों की साधुवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

### यह सम्मानित हुए

महाविद्यालय की आधारशिला रखने वाले संस्थापक सदस्य श्री जनकराम आडवानी को उनके द्वारा महाविद्यालय सिंधी समाज के विकास एवं देश के लिये किये गए कार्यो के लिये संस्था द्वारा मरणोपरांत 'महाविद्यालय रत्न' से सम्मानित किया। वहीं राजेन्द्र कमल प्रेमचंदानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी तथा महेश दयारामानी सचिव, जीव सेवा संस्थान को भी सम्मानित किया गया।

# एआई के प्रयोग को मंजूरी सिंचाई परियोजना अटकी तो अफसर होंगे जिम्मेदार

## सीएम ने दो समीक्षा बैठकों में अफसरों की जिम्मेदारी तय की

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सिंहस्थ 2025 से पहले प्रयोग के तौर पर उज्जैन में एआई का उपयोग किया जाएगा। यह मदद महाकाल में आने वाले श्रद्धालुओं की मदद करने लिया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार इसकी मंजूरी दी। सीएम ने एक दूसरी बैठक में अफसरों का यह भी कह दिया कि सिंचाई परियोजनाओं का काम अटका तो ठीक नहीं होगा, ये सभी काम तेजी से होने चाहिए। सरकार की तरफ से कोई रूकावट नहीं है।

### इन कामों में लेंगे एआई की मदद

सिंहस्थ से पहले प्रयोग के तौर पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी जैसे कामों में एआई की मदद ली जाएगी। सरकार ने एआई जैसी तकनीकों के प्रयोग के लिए बुधवार अलग से बैठक बुलाई थी, जिसमें सीएस अनुराग जैन भी शामिल थे। साथ ही आईआईटी एल्यूमिनाए कॉउंसिल के सतीश मेहता को भी आमंत्रित किया था। जिसमें एआई के माध्यम से संचालित सोलर गोल्फ कार्ट और देवास, इंदौर और ओंकारेश्वर के बीच इलेक्ट्रिक मिनी बसों और 9 मीटर लंबी बसों से श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा गया।


फाइल फोटो

**अनदेखी पर नपेंगे अफसर:** सरकार अगले विधानसभा चुनाव के पहले सिंचाई का रकबा 1 करोड़ हेक्टेयर करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सीएम यादव ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में अधिकारियों से कहा कि सिंचाई से जुड़ी सभी लघु, मध्यम और बड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम किए जाए, ताकि उन्हें समय पर पूरा किया जा सके। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में ओंकारेश्वर जाते हैं, इसलिए वहां नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं।




**भोपाल।** शिवाजी जयंती मनाने को लेकर हुए विवाद के बाद जब भाजपा नेता कृष्णा घाडगे ने समर्थकों संग चक्काजाम किया तो तहसीलदार ने शिवाजी प्रतिमा के सामने नतमस्तक हुए। इसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हो सका। बताया जाता है कि शिवाजी महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम में साउंड सिस्टम एवं टेंट को हटाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम यहां होता रहा है। – फोटो निर्मल व्यास

## फिल्म छावा प्रदेश में टैक्स फ्री हुई

**भोपाल।** प्रदेश में फिल्म छावा को टैक्स फ्री कर दिया है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज पर आधारित है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने यह घोषणा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर की। राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार व इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सीएम के सामने उक्त मांग रखी थी।

# प्रवक्ताओं को जिलों का प्रभार फिर उभरा शिकवो का गुबार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र कग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशा के मुताबिक आखिरकार प्रवक्ताओं को जिलों के प्रभार बांट दिए गए हैं लेकिन जिलों के चयन को लेकर कई प्रवक्ताओं को शिकायतें हैं अंदरखाने यह भी चर्चा है कि कुछ प्रवक्ताओं को उनकी सुविधा के मुताबिक जिले दिए गए हैं। वही प्रभार की जो सूची जारी की गई उसमें कई प्रवक्ताओं के नाम गलत या अधूरे नजर आ रहे है। कहा तो यह भी जा रहा है की सूची इंदौर से तैयार होकर आई और भोपाल में इस पर मोहर लगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस ने कहा है किपटवारी के निर्देश पर विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक और महासचिव कम्युनिकेशन अभय तिवारी की सहमति एवं अनुशंसा पर जिला स्तर पर मीडिया के माध्यम से गतिविधियों, मीडिया में भाजपा की जनविरोधी नीतियों, अन्य मुद्दों सहित कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए किये जा रहे प्रचार-प्रसार की निगरानी एवं मीडिया से समन्वय हेतु जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

**इनको मिले प्रभार:** अंबिका शर्मा-शिवपुरी, अमित चौरसिया-देवास, आनंद जाट-नर्मदापुरम, अवनीश बुंदेला-छतरपुर, अजीत भदौरिया-टीकमगढ़ एवं निवाड़ी, अभिनव बरोलिया-विदिशा, अमित तावड़े-डिंडौरी एवं उमरिया, आनंद जैन कासलीवाल-खरगौन एवं बड़वानी, भूपेन्द्र गुप्ता-सागर, बैजनाथ कुशवाहा-श्योपुर, रवि सक्सेना-ग्वालियर, संतोष सिंह गौतम-उज्जैन, सुश्री स्पर्श चौधरी-नरसिंहपुर, विवेक त्रिपाठी-हरदा, विनय सक्सेना-सतना, डॉ. अशोक मसकोले-शहडोल एवं अनूपपुर, रवि वर्मा-अशोकनगर, मिथुन अहिरवार-भोपाल, धर्मेन्द्र शर्मा-गुना, नीलाभ शुक्ला-खण्डवा, प्रदीप अहिरवार-मण्डला, सीताशरण सूर्यवंशी-सिंगरौली, गुंजन शुक्ला-छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा, फरहाना खान-बुरहानपुर, संगीता शर्मा-राजगढ़, राजकुमार केलू उपाध्याय-बैतूल, ज्योति पटेल-दमोह, संतोष सिंह परिहार-सीधी, सुनील मिश्रा-जबलपुर एवं सिवनी, फिरोज सिद्दीकी-रतलाम, समर सिंह-मंदसौर एवं नीमच, योगेश यादव-धार, शैलेन्द्र पटेल-रायसेन, डॉ. राम पाण्डेय-मुरैना, सुश्री प्रियंका शर्मा-दतिया, हर्ष जैन-सीहोर, मृणाल पंत-इंदौर, श्रीमती हिमानी सिंह-पन्ना, आर.पी. सिंह-भिण्ड, रीतेश त्रिपाठी-रीवा और शहरयार खान को शाजापुर का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# 25 फरवरी को एनडीडीबी के हाथ जाएगा सहकारी दुग्ध उत्पादन व खरीद सिस्टम

## संयंत्रों व समितियों की बेहतरी के दावे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश का सहकारी दुग्ध उत्पादन, खरीदी व मार्केटिंग सिस्टम 25 फरवरी को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के हाथों में चला जाएगा। इसमें 6 सहकारी दुग्ध संघों व 6 हजार सहकारी समितियों, दुग्ध शीत केंद्र, पशुआहार संयंत्र, एमपीसीडीएफ समेत अन्य संस्थाएं होंगी। मप्र सरकार की ओर से इसके लिए मिंटो हाल में एक कार्यक्रम रखा है, जिसमें केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह रहेंगे। मप्र सरकार का दावा है कि एनडीडीबी को उक्त सेक्टर देने के बाद मप्र में सुधार होगा। इसके पीछे तर्क दिए जा रहे हैं कि इसके बाद एनडीडीबी दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार करना, सहकारी क्षेत्र में दुग्ध संकलन को 10.50 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन करना, दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से



बढ़ाकर 2590 करना, दूध की खरीद को 1.3 लाख किलोग्राम से बढ़कर 3.7 लाख किलोग्राम प्रतिदिन करना, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता को बढ़ावा, प्लांटों की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन करेगा। इन कामों के लिए 5 सालों में 1500 करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह राशि भी केंद्र ही खर्च करेगा।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं: उच्च शिक्षा मंत्री परमार

## आईआईएसईआर में राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता में हुआ विचार-मंथन

**भोपाल।** राजधानी स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता में कृषि, स्वास्थ्य सेवा, अर्धचालक एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धि (एआई) के अंगीकरण को बढावा देने के लिये एक दिवसीय विचार-मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भारत का ज्ञान, विश्व मंच पर सबसे पुरातन और सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है, यह ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में विद्यमान भारतीय ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप, पुनः शोध एवं अनुसंधान कर दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। विचार मंथन कार्यक्रम से प्राप्त सुझावों एवं निष्कर्षों के आधार पर आगामी कार्ययोजना बनाएंगे।

**ज्ञान एवं संसाधनों को परस्पर साझा करें:** उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन की आवश्यकता है। इसके लिए राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय संस्थानों के मध्य ज्ञान एवं संसाधनों को परस्पर साझा कर, प्रदेश के शैक्षणिक विकास में संस्थानों की उपयोगिता सुनिश्चित करनी होगी। श्री परमार ने कहा कि सभी संस्थानों के पास अपने संसाधन और क्षमता हैं, इनका उपयोग आपसी सामंजस्य के साथ परस्पर साझा कर, प्रदेश के शैक्षणिक उत्थान में करने की आवश्यकता है।



**70 से अधिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की:** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (आईआईएसईआर भोपाल) के तत्वावधान में, संस्थान के आगन्तुक निवास में, प्रदेश में स्थित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के शैक्षणिक संस्थानों के निमित्त एक दिवसीय विचार-मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन सत्रों में विषयवार चर्चा-परिचर्चा की गई। विचार-मंथन सत्र में प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सभी ने मध्यप्रदेश विशेषकर भोपाल को शैक्षणिक, ज्ञान और नवाचार का हब बनाने तथा भोपाल में वैश्विक स्तर के कन्वेंशन सेन्टर की स्थापना करने को लेकर अपने-अपने विचार रखे। बोर्डिंग, डायनिंग तथा बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक कन्वेंशन सेन्टर स्थापित करने पर जोर दिया गया। सभी पैनलिस्टों ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलेजेंस) की भूमिका पर विचार-विमर्श किया तथा इसी जुड़ी विविध संभावानाओं को तलाशने का प्रयास किया। सभी पेनलिस्टों ने एआई के बढ़ते महत्व को देखते हुए उक्त क्षेत्रों में अंगीकार करने की बात कही।

# स्कूटी के बाद कल 89 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा लैपटॉप, मुख्यमंत्री अंतरित करेंगे 224 करोड़ की राशि

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले प्रदेश के 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खाते में जल्द ही लैपटॉप राशि पहुंचेगी। आगामी 21 फरवरी को यह लैपटॉप राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विद्यार्थियों के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रुपए की राशि अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपए की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है।



## संपादकीय

# बिना तैयारी का रेल प्रबंधन

पांच दिन पहले देश की राजधानी नई दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर भगदड की त्रासद घटना के बाद अब कुछ सख्त नियम-कायदे लागू जरूर किए गए हैं, ताकि आगे वैसी स्थिति से बचा जा सके। लेकिन यह हादसा कई सवाल छोड़ गया है। इनमें सवाल यह है कि सरकार और संबंधित महकमों की नींद तभी क्यों खुलती है, जब कोई हादसा हो जाता और मामला तूल पकड़ लेता है। प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने के लिए सभी राज्यों से भारी संख्या में लोग रेलवे स्टेशनों पर जमा हो रहे हैं, तो यह कोई अचानक पैदा होने वाली स्थिति नहीं है। इस बात की संभावना बिल्कुल शुरू से थी कि नई दिल्ली स्टेशन से महाकुंभ के लिए जाने वाले लोगों की संख्या कभी भी बेलगाम हो सकती है। विडंबना है कि इसके मद्देनजर दिल्ली के ही स्टेशन पर कोई भी ऐसी व्यवस्था नहीं दिखी, जिससे लगे कि सरकार किसी त्रासद घटना को न होने देने की इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है। इसका नतीजा इस रूप में सामने आया कि नई दिल्ली स्टेशन पर बड़े पैमाने पर लोग पहुंचे और महाकुंभ में जाने के लिए गाड़ी पकड़ने की कोशिश में भगदड़ मच गई। सच यह है कि कुछ पूर्व सुरक्षा इंतजाम और सख्त नियम-कायदे लागू करके जिस त्रासद घटना को होने से रोका जा सकता था, वहां सिर्फ व्यवस्थागत बदइंतजामी, शासकीय अदूरदर्शिता और लापरवाही की वजह से कई लोगों की जान चली गई। समझना मुश्किल है कि सामान्य समझ के मुताबिक भी जो परिस्थिति संभावित थी और हादसे की आशंका लगातार बनी हुई थी, उसके बारे में उच्च स्तर के संबंधित अधिकारियों को अंदाजा क्यों नहीं हुआ।अब नई दिल्ली स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाई गई है, प्लेटफार्म टिकट की बिक्री को नियंत्रित किया गया है, बिना वैध कारणों के रेल-पुल पर लोगों के खड़ा होने की मनाही की गई है, स्टेशन परिसर में अस्थायी तंबुओं में यात्रियों को रोका जा रहा है, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है और आपात प्रतिक्रिया दल भी तैयार किए गए हैं। निश्चित तौर पर यह रेल महकमे से लेकर स्टेशन पर मौजूद उच्च स्तर के अधिकारियों की अदूरदर्शिता का सबूत है कि ये सुरक्षात्मक इंतजाम इतनी देर से किए गए। यही सब उपाय पहले किए जाते तो अव्यवस्था न फैलती। मगर सबसे चुभने वाला मामला यह भी है कि हादसे के कई घंटे बाद तक रेलवे के अधिकारी और मंत्रालय कुछ भी कहने से बचते ही रहे। यहां तक कि मौत के मामले में भी काफीस मय तक परदादारी की कोशिशें साफ नजर आ रही थीं। जहां तक रेलवे की व्यवस्थाओं का सवाल है तो साफ कहा जा सकता है कि इसमें इतने बडे आयोजन के दृष्टिगत कोई गंभीरता नहीं दिखी। प्रारंभिक रिपोर्ट में ही सामने आया था कि रेलवे हादसे वाली रात टिकट बेचने में ही मशगूल था,जबकि प्लेटफार्म और ट्रेनों में पैर रखने की भी जगह नहीं बची थी। दिल्ली में तो हादसा हो गया इसलिये इन कमियों पर ध्यान जाने लगा है लेकिन क्या रेल्वे ने देश के अन्य महत्वपूर्ण जंक्शन या स्टेशन पर कोई ऐसी सावधानी की थी? रोज दृश्य दिख रहे हैं कि स्टेशनों पर भीड बेकाबू है, रिजर्व कंपार्टमेंट के शीशे तोडे जा रहे हैं, इंजन में बैठा जा रहा है। स्पेशल ट्रेन की भी हालत खराब है। इन हादसों के बाद भी यदि रेल्वे के जिम्मेदार चेहरों की जिम्मेदारी तय नहीं होती तो यह दुर्घटना की ही तरफ त्रासद होगा।

**प्राणी के जीवन में सन्तोष दरिद्रता का दूसरा नाम है।**
**- प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1547 - एडवर्ड षष्ठम का इंग्लैंड के शासक के पद पर वेस्टमिनिस्टर ऐबे में राज्याभिषेक।
- 1798 - लुई एलेक्जेंडर बर्थियर ने पोप पायस षष्ठम को पदच्युत किया।
- 1833 - मिस्र के साथ युद्ध में तुर्कों की मदद के लिए रूसी जहाज़ बासफ़ोरस की खाड़ी में पहुँचे।
- 1835 - कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला।
- 1846 - अंग्रेजों ने लाहौर पर क़ब्ज़ा किया।
- 1847 - रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब की स्थापना।
- 1868 - अमृत बाज़ार पत्रिका का बांग्ला में साप्ताहिक रूप में प्रकाशन शुरू हुआ।
- 1872 - न्यूयार्क शहर में मेट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट्स खुला।
- 1873 - कैलिफ़ोर्निया यूनिवर्सिटी ने सैन फ़्रांसिस्को में अपने पहले मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की।
- 1933 - एडॉल्फ़ हिटलर ने चुनाव में नाज़ी पार्टी को सहयोग देने के लिए गुप्त तौर पर जर्मन उद्योगपतियों से मुलाकात की।
- 1935 - कैरोलाइन मिकेल्सन अंटार्कटिक पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।
- 1940 - इंग्लैंड में दक्षिण अफ़्रीका में नए निवेशों पर लगी पाबंदियाँ उठा लेने की घोषणा की।
- 1942 - द्वितीय विश्वयुद्ध में जापानी सैनिकों ने डच ईस्ट इंडीज में बाली पर हमला कर दिया।
- 1947 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को आज़ादी देने के बारे में घोषणा की।
- 1962 - जान एच ग्लेन अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने।
- 1965 - नासा द्वारा प्रक्षेपित रेंजर आठ चांद पर उतरा, फोटो और ज़रूरी डेटा भेजे।
- 1968 - मुंबई के केईएम अस्पताल के डॉक्टर पी.के. सेन ने हृदय प्रत्यारोपण का पहला आपरेशन किया।
- 1975 - मार्गरेट थैचर ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी की नेता निर्वाचित हुईं।
- 1976 - मुंबई हाई में कच्चे तेल का व्यावसायिक स्तर पर उत्पादन शुरू हुआ।
- 1982 - कन्हार नदी जल पर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में समझौता।
- 1986 - सोवियत संघ द्वारा सेल्युत-7 की अपेक्षा अधिक विकसित अंतरिक्ष स्टेशन मीर (शान्ति) का प्रक्षेपण।

## निशाना

### खतरे में आधार !



हो रहा विश्लेषण ।
मिली करारी हार ।।
मिल जाती यदि कुर्सी ।
हो जाता उपकार ।।
भाषण और भ्रमण से ।
था लगाया जोर ।।
आ गया परिणाम ।
काम ना आया शोर ।।
कुछ नई तरकीब पर ।
हो सकता विचार ।।
पर अभी हकीकत ।
खतरे में आधार ।।
करके खड़ा तंत्र पर ।
पल पल ये सवाल ।।
क्या लगता है सचमुच ।
टल सकता बवाल ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# भूकंप की आशंकाओं संग जीने का तरीका तलाशें

■ डॉ. संजय वर्मा

भूकंप की चर्चा अक्सर तब होती है, जब वह किसी इलाके में आ जाता है। इसकी पुनरावृत्ति और इससे बचाव की तैयारियों की चर्चाएं कुछ दिन तक चलने के बाद खामोश हो जाती हैं। दुनिया अपनी पहली सी चाल में व्यस्त हो जाती है और भूकंप अदालत में चल रहे किसी मामले की तरह एक अगली तारीख के लिए मुल्तवी हो जाता है। जैसे, सोमवार की सुबह देश का राजधानी दिल्ली परिक्षेत्र एक जलजले की आहट से चौंक उठा। रिक्टर स्केल पर चार की तीव्रता वाला भूकंप दहलाकर चला गया, लेकिन महीना भर पहले ही पड़ोस में तिब्बत के भूकंप ने एक बड़ी चेतावनी हमें दी थी।हिमालय और इससे सटे हुए इलाकों में भूकंप का आना एक बड़ी चेतावनी माना जाता है, पर हफ्ता बीतते-बीतते भूकंप की खबर और चिंता हवा हो जाती हैं। शायद यही वजह है कि कुछ ही समय पहले भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे होने और मिशन मौसम की शुरुआत के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से भूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाने और चेतावनी देने वाली प्रणाली विकसित करने का आह्वान किया था। उद्देश्य है कि पूर्वानुमानों से भूकंप की त्रासदी को सीमित किया जा सके।

यह सुखद है कि तमाम दावों के बावजूद मोटे तौर पर 2015 के बाद से उत्तर भारत में कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। हालांकि, बार-बार चेताया गया है कि पर्वतीय राज्यों-खास तौर से उत्तराखंड से लेकर हमारे देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर की जमीन के भीतर बहुत अधिक खिंचाव की स्थिति बन गई है और यहां कभी भी ज्यादा ताकत वाला भूकंप आ सकता है। देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिकों ने चेताया है कि हिमालय क्षेत्र में एक बड़ा भूकंप कभी भी आ सकता है। इसलिए जान-माल का नुकसान न्यूनतम करने के लिए पहले से बेहतर तैयारी जरूरी है। वहीं इस चेतावनी का समर्थन कुछ मौकों पर आईआईटी कानपुर के पृथ्वी विज्ञान विभाग के प्रोफेसरों ने भी किया है। इन वैज्ञानिकों ने कहा है कि धरती के नीचे भारतीय प्लेट व यूरेशियन प्लेट के बीच टकराव बढ़ रहा है। इससे वहां बड़े पैमाने पर ऊर्जा जमा हो गई है और वह कभी भी बड़े विस्फोट के साथ बाहर निकल सकती है। जो बड़े भूकंप का कारण बनेगी।



वाडिया इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने हिंदुकुश पर्वत से पूर्वोत्तर भारत तक के हिमालयी क्षेत्र को भूकंप के प्रति बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा है कि खतरों से निपटने के लिए संबंधित राज्यों में कारगर नीतियां नहीं हैं।

निःसंदेह, धरती के अंदर चल रही भूगर्भीय हलचलों के कारण ज्वालामुखी विस्फोटों से लेकर भूकंपों तक का खतरा लगातार बना हुआ है। हाल यह है कि धरती पर करीब 10 करोड़ भूकंप हर साल आते हैं, लेकिन उनमें से नुकसान पहुंचाने वाले भूकंपों की संख्या बेहद कम है। दशकों से भूगर्भ वैज्ञानिक लगातार कह रहे हैं कि भले ही बड़े भूकंप की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई जा सकती। लेकिन सवाल उठता है कि क्या भूकंपों की पूर्व सूचना देना का तंत्र विकसित नहीं हो सकता। निस्संदेह, वैज्ञानिक तरक्की के बावजूद इंसान आज भी धरती के अंदर की हलचलें पहले से पढ़ पाने में नाकाम ही है।

चार साल पहले ऐसी एक पहल उत्तराखंड में की गई थी। वहां साल 2021 में आपदा प्रबंधन विभाग और आईआईटी रुड़की ने मिलकर उत्तराखंड भूकंप अलर्ट ऐप तैयार किया था। दावा किया गया था कि भूकंप की पूर्व सूचना देने वाले एप को लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। कहा गया कि जिन लोगों के पास सामान्य स्मार्टफोन नहीं हैं, उन्हें भी उनके फीचर फोन पर भूकंप की पूर्व चेतावनी मिल सकेगी। लोग समय रहते उससे बचाव का प्रबंध कर सकेंगे। यह देखते हुए कि पिछले 10-15 वर्षों में उत्तराखंड भूकंप के करीब 700 झटके झेल चुका है, इस ऐप को एक बड़ी उम्मीद माना गया था। लेकिन हकीकत में इस ऐप से उत्तराखंड निवासियों को कोई मदद नहीं मिल सकी।

दरअसल, हिमालय क्षेत्र की जो भौगोलिक स्थिति है और वहां धरती के भीतर जिस तरह की हलचल मची हुई है, उसमें भूकंप आने का खतरा हमेशा बना रहता है। निस्संदेह, भारत में अभी भूकंप की चेतावनी का कोई विश्वसनीय सिस्टम बना नहीं है और हमारी सरकार तक यह कह चुकी है कि दुनिया में ही इसका कोई कारगर सिस्टम नहीं है। निश्चय ही कोई भी देश, संगठन या वैज्ञानिक अभी दावे के साथ यह कहने की स्थिति में नहीं है कि वे भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सुनामी का एकदम सही पूर्वानुमान पेश कर सकते हैं। इस चिंता ने लोगों को और ज्यादा सतर्कता बरतने को विवश कर रखा है।

एक घटना इटली में भूकंप के पूर्वानुमान से जुड़ी है जिसने दुनिया भर के वैज्ञानिक समुदाय को ही बेचैन कर दिया था। असल में डेढ़ दशक पहले (वर्ष 2011 में) वहां छह साइंटिस्टों और एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ इसलिए हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था क्योंकि वे छह अप्रैल, 2009 को इटली के ला-अकिला में आए भूकंप की सही भविष्यवाणी करने में नाकाम रहे थे। ये सभी इटली में प्राकृतिक आपदाओं के खतरे पर नजर रखने वाली समिति के सदस्य थे। इन्हें ला-अकिला में भूकंप से ठीक एक दिन पहले यह जांच करने बुलाया गया था कि क्या वहां बड़े भूकंप का कोई खतरा तो नहीं है। उस इलाके में निकल रही रेडॉन गैस की मात्रा के आधार पर इन साइंटिस्टों ने आश्वस्त किया था कि फिलहाल खतरा ऐसा नहीं है कि पूरे इलाके को खाली कराया जाए। पर अगले दिन वहां 6.3 की ताकत वाला बड़ा भूकंप आ गया, जिसमें 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

दुनिया के हजारों साइंटिस्टों ने साझा बयान में इस मुकदमे का विरोध किया था। उनका कहना था कि साइंटिस्टों को बलि का बकरा बनाने के बजाय भूकंप से सुरक्षा के उपायों पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि भूकंप की पक्की भविष्यवाणी करने की कोई विधि अभी तक विकसित नहीं हो सकी है। जहां तक रेडॉन गैस की बात है तो वह भूकंप की भविष्यवाणी करने की विवादास्पद प्रणाली है, कई बार गलत भी साबित हुई है।

बहरहाल, पक्के तौर पर नहीं कह सकता कि कब, किस जगह पर कितना बड़ा भूकंप आएगा। असल में भूगर्भीय प्लेटों के परस्पर जुड़ने, धराखंड से अलग होने और टूटन-चटकने के कारण भूमिगत ताप, दाब संवेग और रासायनिक क्रियाओं और इस कारण पैदा हुई ऊर्जा तरंगों का एक विकृत रूप हमें भूकंप की शक्ल में जब-तब देखने को मिलता है। हालांकि भूकंपों से अगर हम कोई सबक लेना चाहें, तो वह हमें इस आपदा से काफी हद तक सुरक्षित कर सकता है। दिल्ली और एनसीआर का बड़ा हिस्सा भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है। साथ ही, उत्तराखंड, उ.प्र. और पूरा बिहार खिसकती हुई हिमालयी प्लेट के हिस्से हैं। भूकंप से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है सतर्कता और बचाव के इंतजाम करना। कई देशों के उदाहरण इस संदर्भ में दिए जा सकते हैं। जैसे, अल्जीरिया में ज्यादातर स्कूलों और रिहाइशी इलाकों की इमारतें सीस्मिक बिल्डिंग कोड के तहत बनाई गई हैं। इसी तरह कनाडा का अपना राष्ट्रीय बिल्डिंग कोड है और वहां अस्पताल, स्कूल व अन्य सरकारी-रिहाइशी इमारतें इसी के तहत बनाई जाती हैं। मध्य अमेरिका में सेंट्रल अमेरिका स्कूल रेट्रोफिटिंग प्रोग्राम के तहत स्कूलों की बिल्डिंग्स को खतरे से बचाने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। चिली के स्कूलों में बच्चों को साल में तीन बार भूकंप से बचने की ट्रेनिंग दी जाती है। चिली के 2010 के 8.8 तीव्रता के भूकंप में स्कूलों को सबसे कम नुकसान इसीलिए हुआ था क्योंकि इमारतें बिल्डिंग कोड का पालन करती थीं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# प्रगति यात्रा के सहारे चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

■ उमेश चतुर्वेदी

बिहार में विधानसभा चुनावों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस लिया है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है।जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है।

नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है।



एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान नीतीश ने राज्य के तमाम जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए।

प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20,000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें जमीनी हकीकत बनाने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है। इनमें से कई योजनाएं ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उनका पुनर्निर्माण करने और उनकी हालत पहले की तुलना में और बेहतर बनाने को लेकर हैं। इस दौरान समस्तीपुर और मधेपुरा जिलों में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। साथ ही, सीवान, छपरा, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर जिलों में सड़क चौड़ीकरण, बाईपास और पुल निर्माण कार्यों के लिए भी भारी धनराशि स्वीकृत की गई है। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। बहुत सारी सड़कें तैयार भी हो चुकी हैं। जिनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है।

नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। वैसे प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनावों की घोषणा होने तक नीतीश और बीजेपी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर प्रचारित और विस्तारित करते रहेंगे। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# राष्ट्रीय खेल में यश बाथरे ने गोल्ड मेडल जीतकर नगर को किया गौरवान्वित



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

विगत दिनों उत्तराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत मार्डन पैंटाथलान में नगर के गौरव एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी यश बाथरे ने डबल गोल्ड मेडल अर्जित कर नगर एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यश को नगर आगमन पर स्वागत कर संत रामजी बाबा समाधि से नर्मदा घाट तक जुलूस की शक्ल में ले जाया गया। जगह जगह खेल प्रेमियों ने फूल मालाओं तथा मिष्ठान खिलाकर अपने अपने तरीके से सत्कार किया। इस दौरान यश के गुरु उमाशंकर व्यास, संघ अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, सचिव कमलेश बाथरे, समाजसेवी भगवती चोरे, अजय सैनी, लक्ष्मण बैस, संजीव डे मनोहर सराठे, नीरज बरगले , मुकुल गुप्ता, मनीष परदेशी, यश की दादी काशीबाइ सहित सभी परिजन उपस्थित रहे। गुरु व्यास ने बताया कि यश बाथरे विगत पाँच वर्षों से निरंतर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय ट्रायथलान व मार्डन पैंटाथलान प्रतियोगिताओं सम्मलित होकर पदक प्राप्त कर नगर और देश-प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं। आगामी एशियाई खेल एवं वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भी निश्चित रूप से पदक प्राप्त कर हम सभी को गौरव की अनुभूति कराएंगे। यश की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ऑलंपिक संघ के उपाध्यक्ष व विधायक विजयपाल सिंह यश को सम्मानित करेंगे.

**प्रदेश ओलंपिक उपाध्यक्ष एवं विधायक विजयपाल करेंगे यश को सम्मानित**

## नीलकंठेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व तैयारियों की समीक्षा

# श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की कोई भी परेशानी न हो : कलेक्टर

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित मेला और श्रद्धालुओं के लिए दर्शन लाभ व पूजा अर्चना के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधाएं ना हो इसके लिए किए जाने वाले प्रबंधो व स्थानीय स्तर पर सुझावो की प्राप्ति कर उन पर अमल करने के संबंध में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा नीलकंठेश्वर मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बासौदा जनपद पंचायत की अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी मेला व मंदिर परिसर समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

कलेक्टर ने महाशिवरात्रि पर्व पर पूर्व वर्षो में किए जाने वाले प्रबंधो की जानकारी लेने के उपरांत स्थानीय नागरिको से नवीन सुझावो की प्राप्ति के उपरांत उन्होंने कहा कि हम सबका एक ही ध्येय है कि महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले सभी भक्तों को मंदिर में पूजा दर्शनों में किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पडें। इसके लिए किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में जो जनहितैषी सुझाव प्राप्त हुए है उन पर अमल किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं और उनकी वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान रखा जाए। पूर्व वर्षो की कमियों को दूर करते हुए इस वर्ष पहले से अधिक सुविधाएं श्रद्धालुगणो को मिलें।



### कंट्रोल रूम बनाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने महाशिवरात्रि व मेला परिसर में तमाम जानकारियां शीघ्रता से प्राप्ति के लिए पृथक से कंट्रोल रूम बनाए जाने के निर्देश दिए। इस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहें। वही जगह-जगह लगाए गए सीसी कैमरो का प्रसारण कंट्रोल रूम में सुगमता से देखा जा सके। इसकी मानिटरिंग के लिए अधिकारियों की चौबीस घंटे तैनाती की जाए।

### जिग जैग पद्वति का उपयोग करें

महाशिवरात्रि पर्व पर नीलकंठेश्वर मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो खासकर दर्शन के दौरान। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या लगभग पचास हजार से अधिक हो सकती है। इसके लिए आवश्यकता पडे तो मंदिर परिसर के बाहर भी जिग जेग पद्धति का उपयोग किया जाए।

पेयजल आपूर्ति

ग्रीष्मकाल को देखते हुए श्रद्धालुओं सहित अन्य सभी नागरिको को पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए नियत स्थलो पर टेंकर रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बतलाया गया कि समीपवर्ती ग्राम पंचायतो के 24 टेंकर मेला परिसर में रखे जाएंगे। जो श्रद्धालुगण जिग जेग लाइन में लगे होंगे उन सबको पेयजल की आपूर्ति उसी स्थल पर की जाए ताकि उन्हें पानी पीने के लिए लाइन से अलग ना हटना पडें। विभिन्न स्थलो पर पानी पीने के केम्पर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं।

### अफवाहों पर नियंत्रण रखें

सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह इस अवधि में ना फैले इस कार्य में मीडियाबंधुओ की भी महती भूमिका है। उन्होंने सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर की सांझा की जाने वाली जानकारियों को स्वंय प्रमाणीकरण कर लें इसके पश्चात उसें सर्कुलेट करें। भीड अधिक होने पर विभिन्न प्रकार की अफवाहे जन्म ले सकती है अतः किसी भी प्रकार की अव्यवस्था संज्ञान में आती है तो सबसे पहले प्रशासन के संज्ञान में लाएं ताकि उस स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सकें।

### होल्डअप एरिया बनाएं

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुगणो की संख्या अधिक हो सकती है नियंत्रण के लिए होल्डअप एरिया भी चिन्हांकित किए जाएंगे जिसका मुख्य उद्धेश्य होगा कि श्रद्धालुगणो को रूकने के प्रबंध किए जाएंगे ताकि सुगमता से बैठ सकें और अपनी बारी आने पर दर्शन पंक्ति लाइन में लग सकें। होल्डअप एरिया क्षेत्रो में और क्या सुविधाएं दी जाए इस और भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए है।

### ड्रोन कैमरे से सुरक्षा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सम्पूर्ण मेला परिसर और मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधो को सांझा किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थलों पर सीसी कैमरे लगाए जाएंगे वहीं पुलिस द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन कैमरो का भी उपयोग किया जाएगा। पुलिस अधिकारी के पास वायरलेंस सेट होगा ताकि सूचनाएं सम्प्रेषण करने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रद्धालुगण किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होते देखते है तो अविलम्ब कंट्रोल रूमें अथवा नजदीक के पुलिस अधिकारी के संज्ञान में त्वरित लाएं।

# आरटीओ ने यातायात नियमों का पालन न करने पर महादेव मेला पचमढ़ी में वाहनों पर किया चालान

**मेले का परमिट न होने पर दो जिप्सी की गई जप्त**

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

पचमढ़ी मेले में आए श्रद्धालुओं का ध्यान रखते हुए एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों पर आरटीओ जांच टीम द्वारा चालानी कार्रवाई लगातार की जा रही है.

आरटीओ श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में बुधवार को आरटीओ जांच दल द्वारा यात्री वाहनों एवं बसों की जांच की गई। जिसमें ओवरलोडिंग, अधिक किराया लेने , किराया सूची के अलावा वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई, कुल 110 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 24 वाहनों में यातायात नियमों का पालन ना करते हुए पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करते हुए ?25,500 हजार का चालान काटा गया तथा 2 जिप्सी बिना मेला परमिट चलते पाए जाने पर जप्त की गई, इसके अलावा आरटीओ अधिकारी द्वारा महादेव मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक कराया न लेने की हिदायत वाहन चालकों को दी गई, वाहन चालकों को आरटीओ अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी, मेले में चलने वाली जिप्सी चालकों को भी मेला परमिट लेकर ही चलने का निर्देश दिया गया तथा बिना परमिट के एवं ओवरलोडिंग करने वाली जिप्सियो पर चालानी कार्यवाही की गई, आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के साथ ही पचमढ़ी मेले में वाहनों को चलाने के निर्देश दिए, इसी के साथ बाहर से आने वाले वाहनों की जांच एवं चालानी कार्रवाई लगातार की जा रही है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बालक की मौत, दो गंभीर जबलपुर रेफर

**तारादेही थाना क्षेत्र खमरिया बासी के बीच हुआ हादसा, डायल 100 और 108 ने नहीं उठाया घटना के बाद फोन**

तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो

तारादेही थाना अंतर्गत ग्राम पिंडरईबासी और खमरिया के बीच बुधवार को बाइक सवार लोगों को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग गया। घटना में में एक नाबालिग की मौत हो गई और दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने पर जबलपुर रैफर कर दिया गया। हादसे के बाद घायलों को 108 और डायल 100 भी उपलब्ध नहीं हो सका। काफी देर तक फोन लगाने के बाद में दोनों ही वाहनों में किसी भी अधिकारी कर्मचारी से घायल के परिजनों की बात नहीं हो सकी। इसके बाद घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा लाया गया।



जानकारी अनुसार हादसा तारादेही थाना क्षेत्र से पांच किमी दूर ग्राम खमरिया शिवलाल और पिंडरई बासी के बीच हुआ है जहां बाइक से घर जा रहे दो नाबालिगों ओर बाइक सवार को पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। हादसे में दुर्गेश पिता पूरन गौड़ 11 वर्ष निवासी पिंडरई बासी थाना तारादेही की मौत हो गई। इसके अलावा गणेश पिता भोला गौड़ 24 वर्ष निवासी पिंडरई बासी, प्रकाश पिता महेश गोंड उम्र 12 वर्ष निवासी पिंडरई बासी को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जिसमें प्रकाश की हालत गंभीर है परिजनों और राहगीरों द्वारा बताया गया है घटना के आधा घंटे बाद भी आपातकालीन मदद नहीं मिली। राहगीरों द्वारा तारादेही पुलिस को कई बार फोन लगाया साथ ही डायल 100 को फोन लगाया लेकिन किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। वहीं 108 वाहन को भी कई बार फोन लगाने के बाद भी फोन व्यस्त आता रहा लेकिन यहां भी किसी ने फोन नहीं उठाया जिसके कारण सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े रहे और बाद में निजी वाहन से उन्हें तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां एक बालक की मौत हो गई। यहां भी जबलपुर मेडिकल रेफर करने के बाद भी 108 वाहन घायलों को उपलब्ध नहीं हो सका। तेंदूखेड़ा थाना पुलिस ने शून्य पर कायमी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## गोलियां खाने से दसवीं की छात्रा की स्कूल में अचानक हुई तबियत खराब

**तेंदूखेड़ा।** नगर के कन्याहायर सेकेण्डरी स्कूल में 10वी की एक छात्रा की अचानक तबियत खराब होने बेहोष हो गई जिसे आनन फानन में अस्पताल लाया गया लेकिन हालत गम्भीर होने के कारण छात्रा को मेंडीकल कालेज रिफर कर दिया। लेकिन स्कूल प्रबंधन के द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि छात्रा के द्वारा एलबेंडाजोल की गोलियां खाई गई थी जिससे उसे उलटियां होने लगी थी। हालाकि अब बच्ची की हालत ठीक है एवं घर वापिस भी आ गई है। लेकिन किन कारणो से गोलियां खाई थी इसकी जानकारी नहीं लगी है। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पीएल रैकवार ने बताया मंगलवार को दोपहर के समय एक छात्रा की अचानक तबियत खराब हो गई थी। जानकारी लेने पर छात्रा ने बताया कि उसने गोलियों का सेवन किया है।

## छत्रपति शिवाजी जयंती कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की

**नर्मदापुरम।** स्थानीय नेहरू पार्क में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने उपस्थित होकर छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाते हुए पुष्पांजलि के साथ उन्हें शत शत नमन किया. इस अवसर पर अरुण दीक्षित मोहम्मद अकरम खान के एन त्रिपाठी ने शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मां श्रीमती जीजाबाई ने बचपन से ही शिवाजी महाराज को सच्चाई एवं संघर्ष के लिए प्रेरणा दी 16 वर्ष की आयु में ही उन्होंने मुगल सल्तनत के शोषण अत्याचार के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ किया उन्होंने सद्भावना के अनुरूप कार्य करते हुए हर जाति हर धर्म के लोगों को संगठित कर मुगल सल्तनत के खिलाफ संघर्ष किया. कार्यक्रम में अशोक दी बोलिया रमेश गोप्लानी केके शर्मा ओपी तिवारी अमित श्रीवास्तव जयबाला निगम के साथ ही संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित हुए.



**मेट्रो एंकर** देर रात तक जारी रही रामजी बाबा मेले में कबड्डी प्रतियोगिता, सिमट रहे स्वरूप देख निराश हुए दर्शक

# एसएनजी स्टेडियम में नर्मदा क्लब को हराकर ढाबा कला की टीम बनी विजेता

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

विगत कई वर्षों से चली आ रही परंपरा अनुसार इस वर्ष की संत शिरोमणि राम जी बाबा मेला अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मेला स्थल के समीप एस एन जी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता को देखने के लिए शहरी एवं ग्रामीण दर्शकों की उपस्थिति रही.

निर्णायक मंडल के सदस्य आलोक राजपूत ने बताया कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की ख्याति प्राप्त टीमों ने भाग लिया और अपने कबड्डी खेल के प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का दिल जीता.

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नर्मदा क्लब एवं ग्राम ढाबा कला टीम के बीच हुआ. दोनों टीमों के होनहार खिलाड़ियों ने खेल की तकनीकी से खेल का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित खेल प्रेमियों से सराहना अर्जित की. सुबह से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि तक चली कबड्डी प्रतियोगिता को व्यवस्थित करने में नगर पालिका के कर्मचारियों की सार्थक भूमिका रही. पुरस्कार वितरण के दौरान भी नगर पालिका के पार्षद और कर्मचारियों सहित कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे.

रामजी बाबा मेले में पिछले कई वर्षों से निरंतर कबड्डी का आयोजन होता आ रहा है. और इस आयोजन के दौरान देश-प्रदेश की मानी हुई टीमें भी प्रतियोगिता में भाग लेती रही है. लेकिन पिछले कुछ वर्षों से नगर पालिका परिषद द्वारा इस कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर की जा रही अनदेखी से खेल प्रेमियों में निराशा का वातावरण बना हुआ है. दर्शकों ने बताया कि पहले इसी मैदान पर रामजी बाबा मेले के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता था तो उसमें देश प्रदेश की नामी टीमें भाग लेती थी. इन टीमों के खेल प्रदर्शन को देखने के लिए दूर-दूर से खेल प्रेमी आते थे और देर रात तक खेल का आनंद लेते हुए स्वस्थ मनोरंजन प्राप्त करते थे लेकिन वर्तमान समय जिस तरह इस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन फीका का पड़ा रहा है उससे क्षेत्रीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के उत्साह में कमी दिखाई दे रही है. इस वर्ष नगर पालिका द्वारा जो कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई उसमें सिर्फ आसपास की टीमों ने ही भाग लिया. इस वजह से दर्शकों की संख्या भी काफी कम दिखाई दी. पहले जब दूरदराज की टीम में आती थी तो दर्शन दीर्घा में खचाखच भीड़ देखी जाती थी.हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहते थे. नगर पालिका द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता को लापरवाही से आयोजित कराना ही दर्शकों की संख्या घटने का सबसे महत्वपूर्ण कारण है. पहले कबड्डी प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए जिले के ख्याति नाम कबड्डी खिलाड़ी कोच रेफरी आदि का सहयोग लेकर उन्हें आयोजन समिति का सर्वे सर्वे बनाया जाता था लेकिन अब इन दिग्गजों को दरकिनार करके नगर पालिका अपने कर्मचारियों को ही आयोजन समिति का सर्वे सर्वे बनाकर प्रतियोगिता आयोजित कर रही है.



### गरिमा के अनुरूप नहीं हो रही प्रतियोगिता : दीवान

राम जी बाबा मेले में आयोजित हुई कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर कबड्डी के राष्ट्रीय कोच एवं नर्मदा अंचल क्षेत्र के अनेकों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाले कबड्डी के ऑलराउंडर खिलाड़ी दिनेश दीवान का कहना है कि पहले जिस उत्साह से लोग मेले में कबड्डी देखने आते थे अब वह उत्साह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है. राम जी बाबा के मेले में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश की एक से बढ़कर एक टीमें आती थी और दर्शकों के बीच भरपूर उत्साह का वातावरण बनता था लेकिन अब इस प्रतियोगिता को क्षेत्रीय स्तर तक ही सीमित कर दिया है. इससे दर्शकों में भी निराशा का वातावरण है और खिलाड़ियों को भी खेल की नवीनतम तकनीक देखने का अवसर प्राप्त नहीं हो रहा है. नगर पालिका का दायित्व है कि वह पूर्व की भांति इस प्रतियोगिता को विराट रूप में आयोजित करे. पहले इसी मैदान पर देश के कई दिग्गज कबड्डी खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं. पहले जिस तरह कबड्डी प्रतियोगिता मेले में आयोजित की जाती थी वह काबिले तारीफ थी. श्री दीवान का कहना है कि नर्मदा अंचल क्षेत्र में कबड्डी खिलाड़ियों की कमी नहीं है कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी नर्मदांचल क्षेत्र में अभी भी है. इन खिलाड़ियों को तराशा और निखारा जाए तो वह राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं. इसके लिए समाजसेवी जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमियों को आगे आना होगा।

### कलेक्टर ने अवार्ड राशि और नवीन शैक्षणिक सत्र की जानकारी मीडिया से साझा की

# विदिशा जिले को नीति आयोग से अवार्ड राशि के पांच करोड मिले

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में मीडिया से संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर नीति आयोग से प्राप्त अवॉर्ड राशि और नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ की जानकारियां सांझा की हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री बीडी अहरवाल सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत जनवरी माह 2024 में जिला विदिशा की चैथी रेंक आने से नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित अवार्ड राशि पांच करोड़ से जो संभावित कार्य है से अवगत कराते हुए बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा पेयजल वित्तीय समावेशन स्वच्छता आजीविका, स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोषण, शिशु किशोर बाल बालिका, कौशल उन्नयन विद्युतीकरण, सड़क मार्ग और कृषि आधारभूत अद्योसंरचना कार्य किए जाएंगे।



मीडिया से संवाद के दौरान शाला में पहला कदम अभियान के संबंध में भी जानकारी दी गई है। जिसमें नन्हे कदमों को स्कूल की राह दिखाएं आइए विदिशा शिक्षा महोत्सव मनाएं की थीम पर 1 अप्रैल को पहली कक्षा में शाला प्रवेश कार्यक्रम हेतु कार्य योजना से अवगत कराया गया है। जिसमें एक अप्रैल 2025 को नवीन शैक्षणिक सत्र में कक्षा एक के बच्चों का प्रवेश एक उत्सव अभियान के रूप में जिला विदिशा अंतर्गत मनाया जाना है। उक्त अभियान में जन भागीदारी अंतर्गत जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मीडिया बंधु, अशासकीय संस्थाएं व व्यापार महासंघ आदि के सहयोग से अभियान उत्सव मनाया जाएगा। जिले में सभी 1987 प्राथमिक शालाओं में यह अभियान मनाया जाना है। जिनमें लगभग 20 हजार छात्रों का पहली कक्षा में प्रवेश होगा। अभियान की तैयारी की जानकारी देते हुए बताया गया कि शाला भवन की कलर कोड के साथ पुताई कराई जाएगी। शाला परिसर की साफ-सफाई शौचालय एवं पेयजल की सुचारू व्यवस्था, एक अप्रैल को मनाए जाने वाले उत्सव के लिए प्राकृतिक रूप से शाला की साफ-सफाई रांगोली आदि किये जाने के साथ-साथ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भी कार्य योजना से अवगत कराया गया है। जिसमें जन सहयोग से पहली कक्षा में प्रवेश करने वाले बच्चों को किट प्रदाय करना। किट में स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स पानी



की बोटल एवं ड्राइंग कॉपी होगी। शाला परिवार द्वारा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य को कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए आई कार्ड एवं घर-घर संपर्क कर आमंत्रित किया जाएगा। पहली कक्षा में प्रवेश करने वाले बच्चों एवं उनके पालकों को शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा।

जिला एवं विकासखंड स्तर पर बैठकें आयोजित कर कार्यक्रम के बारे में चर्चा की जाएगी एवं जन सहयोग प्राप्त किया जाएगा। दी जाने वाली प्रति किट की कीमत लगभग 300 रुपये होगी प्रत्येक शाला में लगभग 15 बच्चों के प्रवेश लेने की संभावना है। प्रति शाल लगभग 4500 रुपए किट प्रदाय हेतु खर्च होगा जो स्थानीय शिक्षक अन्य शासकीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से प्राप्त किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर जन सहयोग अप्राप्त होने पर ब्लॉक स्तर पर एवं जिला स्तर पर जन सहयोग से किया जाएगा। अभियान के प्रचार प्रचार हेतु मीडिया, जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य के द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा। विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली, दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाना है। स्थानीय स्तर पर संगोष्ठी एवं आम जनों से चर्चा का प्रचार प्रसार किया जाएगा। एक अप्रैल के कार्यक्रम की रूपरेखा अंतर्गत शाला परिसर में साथ-साथ जाकर शाला प्रवेश हेतु पूर्ण तैयारी कराई जाएगी।

स्थानीय स्तर के लोगों की उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय स्तर पर ढोल बाजे से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। जनप्रतिनिधि समाज सेवियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## विधायक ने सोशल मीडिया पर कांग्रेसियों पर भ्रम फैलाने के लगाए आरोप, जनता से की अपील

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कांग्रेसियों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके हम जनता से अपील करते हुए कहा कि कोई भी इनकी बहकावे में ना आए यह किसी के हितेषी नहीं है इनसे सावधान रहें कोई भी इनके बहकावे में ना आए यहां झूठ फैलाते हैं । जिस केथन डेम का निर्माण जल शहर वासियों की प्यास बुझाने के लिए किया गया है ।उसकी खाली होने वाली जमीन पर अवैध रूप से खेती करके कई स्वार्थी और दबंग लोगों के द्वारा कीटनाशक तथा उर्वरक डालकर पानी को दूषित किया जा रहा है । 70 से 80 हजार लोगों की सेहत से खुलेआम अवैध रूप से खेती करने वालों के द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है क्योंकि पानी शहर में सप्लाई होता है। केथन डैम में अवैध रूप से खेती करने वालों पर कार्रवाई के लिए लगातार समाजसेवियों , मीडिया तथा सामाजिक कार्यकर्ता अशोक जैन खर्चा ने तो विधायक-सांसद से लेकर एसडीएम से कई बार शिकायत की इसके अलावा कुछ महीने पहले आयोजित शिविर में विधायक उमाकांत शर्मा आवेदन देखकर कार्रवाई की मांग की थी इसके बाद विधायक ने कलेक्टर को करवाई करने के लिए पत्र लिखा था 2 दिन पहले सिंचाई विभाग ने संयुक्त दल बनाकर नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल की मौजूदगी में दल ने कार्रवाई करते हुए



80 बीघा जमीन खाली करवाई जिनकी फसल नष्ट हुई उनके पक्ष में कुछ कांग्रेसियों ने प्रशासनिक कार्रवाई को गलत बताते हुए सोशल मीडिया पर कई तरह के वीडियो जारी किया गए। मंगलवार की रात्रि में इसके संदर्भ में विधायक उमाकांत शर्मा ने अपना वीडियो जारी करते हुए जनता जनार्दन से अपील करते हुए कहा कि इंडियन नेशनल कांग्रेस के कुछ नेताओं के द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाया जा इनके इनसे सभी सचेत रहें जिस किसान को बेहोश बात कर वीडियो जारी किया गया है उसका इलाज सरकारी अस्पताल में किया गया है। जनहित की मांग पर केथन डेम में अवैध रूप से खेती करने वालों पर प्रशासन के द्वारा लगातार कारवाई की पहले से ही सभी को नोटिस दिए गए हैं। इसके बाद भी उसमें फसल लगाने का काम करके पानी को दूषित किया जा रह है। कांग्रेसी सरकार और अच्छे काम पर भी आरोप लगाकर झूठे वीडियो सोशल मीडिया में डालकर जनता को भ्रमित करने के प्रयास करते हैं पहले भी कर चुके हैं ।इनसे सभी सावधान रहे मेरी अपील है।

## नाले में सीधे गटर फेकने वालों पर कार्रवाई करने की तैयारी में नपा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

छतरी नाकके से लेकर कस्टम पथ तक बन रहे नाले में कई लोगों के द्वारा सेफ्टी टैंक का निर्माण किया बगैर सीधे ही गटर उतरने का कार्य किया जा रहा है । इनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा नोटिस जारी करके इनको अपने घरों में टैंक बनाकर उसके माध्यम से गटर का पानी नाले उतारने के लिए नोटिस दिया था इसके बाद भी किसी ने सेफ्टी टैंक निर्माण भी नहीं करवाया नोटिस का भी जवाब नहीं दिया अभी भी गटर सीधा नाले इसी तरह डाला जा रहा है नोटिस का कोई जवाब भी नहीं नहीं देना इनको महंगा पड़ सकता है।जल्दी ही नगर पालिका के नियमों की अनदेखी करने पर ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की तैयारी होने वाली है इसको लेकर मुख्य नगर पालिका राम प्रकाश साहू ने बताया कि सभी को हमने पहले नोटिस जारी किए थे। अभी इनके द्वारा सीधा गटर नाले में डालने का काम किया जा रहा है । नोटिस का जवाब भी किसी नै नहीं दिया है। अब इनके



खिलाफ हम जल्दी ही धरातल पर बड़ी कार्रवाई करेंगे इनके पानी को नाले में उतरना भी हम बंद करेंगे गटर जब नाले में नहीं जाएगा तो अपने आप इनको समझ में आ जाएगा ऐसी कार्रवाई भी नगर पालिका प्रशासन कर सकता है।

## कलेक्टर-एसपी ने महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया

**रायसेन।** कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज पाण्डे ने बुधवार को रायसेन दुर्ग पहुंचकर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले मेले के संबंध में तैयारियों का जायजा लिया। यहां प्रसिद्ध सोमेश्वर धाम शिव मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को मेले का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर ने मंदिर तथा दुर्ग परिसर का भ्रमण कर मेला आयोजन हेतु समुचित व्यवस्थाएं तथा सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**तीन स्थानीय अवकाश घोषित**-जिले में वर्ष 2025 के लिए कलेक्टर ने 3 स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। जारी आदेश में 19 मार्च बुधवार रंग पंचमी पर्व, 3 अक्टूबर शुक्रवार 804वां पीर फतेहउल्लाह साहब दरगाह रायसेन का वार्षिकोत्सव उर्स तथा 23 अक्टूबर गुरूवार को दीपावली भाईदूज (कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीय) को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिले के कोषालय तथा उप कोषालयों के लिए लागू नहीं होगा।

## निजी कॉलोनी को फायदा पहुंचाने के लिए ठेकेदार ने नियमों को दरकिनार करके, सिंचाई विभाग की नहर पर लगा दिए पोल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जहां कलेक्टर रोशन सिंह के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों की जांच करवा कर इनके खिलाफ धरातल पर ठोस करवाई करने के निर्देश एसडीएम को दिए हैं। इसके अलावा उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने बाले कॉलोनी नजरों पर जल्दी प्रकरण भी दर्ज होने वाला है।

दूसरी ओर विकासखंड में बिजली वितरण कंपनी के द्वारा अवैध कॉलोनी को बढ़ावा देने का काम किया कई किलोमीटर दूर सरकारी जगह में से। निजी कॉलोनी काटने वालों को बिजली उपलब्ध करने का काम किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं खंबे ओर लाइन निकालने के लिए सिंचाई विभाग से कोई अनुमति अनुमति भी नहीं ली गई है। बस ठेकेदार ने अपने हिसाब से खंबे लगाने और कॉलोनी में लाइट पहुंचने काम कर दिया है। इसके बदले में कंपनी के कई अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सेवा भी की गई है । इसी के चलते गरीबों के विरोध के बाद भी ठेकेदार ने फटाफट इस



काम को कर दिया है। शिकायत के बाद एसडीएम ने जांच के उपरांत कार्रवाई करने की बात कही है ।इसके चलते ठेकेदार से लेकर गुपचुप तरीके से काम करवाने अधिकारी और कॉलोनी काटने वालों की भी मुश्किल है बढ़ गई है मामले को रफा दफा करने के लिए सभी तरह से प्रयास हो रहे हैं। इतनी बड़ी गड़बड़ी सामने आने के बाद एसडीएम दोषियों पर कार्रवाई करेंगे या फिर गरीबों के विरोध के बाद भी अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों नियम विरूद्ध काम करने वाले और करवाने वालों ठेकेदार पर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा। वैसे भी अधिक विभागों लापरवाही से काम हो रहा है जिम्मेदार देखने के लिए नहीं जाते हैं। इसी का परिणाम है कि सिंचाई विभाग की नहर पर से बिजली के पोल लगाकर तार भी खींच दिए हैं। कई जगह यहां पर गरीबों की झोपड़ी के ऊपर से भी तार निकले हुए हैं किसी भी दिन चिंगारी निकलने पर इनकी बस्ती में आग लगने की घटना भी घटित हो सकती उसे बात का भी ध्यान बिजली की पोल लगाते समय नहीं दिया गया और नहीं बिजली विभाग के अधिकारी इस काम को देखने पहुंचे शिकायत के बाद अधिकारियों ने मौका पर जाकर ठेकेदार के द्वारा किए गए काम का ज्यादा लेकर लेकर अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा पुरम कलोनी के लिए शासन से ही मंजरी मेरी है तभी काम करवा रहे हैं सिंचाई विभाग को पोल लगाने से कोई आपत्ति नहीं है।

### एक तरफ करवाई दूसरी ओर मिली बिजली

जहां एक तरफ कलेक्टर के निर्देश पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने पर विकासखंड में लगभग 100 कॉलोनी को चिन्हित किया गया है इन सभी को काटने वालों पर भी कार्रवाई होगी 11 पर मामला भी दर्ज होने बाला है।55 के प्रकरण भी एसडीएम के द्वारा कलेक्टर को भेज दिए इन पर भी अग्रिम कार्रवाई होने वाली है इसके अलावा 40 अवैध कॉलोनीयों को और चिन्हित किया गया इन पर भी नोटिस की कार्रवाई की जा रही है जल्दी इनके प्रकरण बनाकर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को एसडीएम कलेक्टर भी अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई का संकेत दे चुके हैं इसके बाद भी अबैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वालों नियमों को दरकिनार करके कॉलोनी में काम करवा रहे है।

**इनका कहना है**

"शिकायत के बाद हम पूरे मामले की जांच करवा रहें हैं इसके उपरांत नियम अनुसार कार्रवाई करेंगे ।"
– **हर्षल चौधरी** एसडीएम

## सीमा रेखा से बाहर अतिक्रमण करने पर नगर पालिका ने की करवाईं, 2400 जुर्माना वसूला

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को नगर पालिका परिषद के अमले ने शहर में सीमा रेखा के बाहर सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने पर कार्रवाई करते हुए 12 दुकानदारों पर जुर्माने की करवाई करते हुए 2400 रुपए का वसूलने का काम किया तथा इन सभी दुकानदारों को नगर पालिका के अमले ने हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी सड़क पर अतिक्रमण न करें



गुठलियां भी ना रखें यदि चेतावनी के बाद भी दोबारा से अतिक्रमण किया तो इससे बड़ी करवाई की जाएगी सामान भी जप्त करेंगे। नगर पालिका परिषद के द्वारा लगातार अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों अनाउंसमेंट करके सरकारी जगह पर से समान हटाने के लिए सूचित किया जा रहा है ।इसके बाद भी कई अतिक्रमण धारियों के द्वारा सरकारी सड़क और जगह पर अतिक्रमण करके व्यवसाय करने का काम खुलेआम किया जा रहा है।इनके खिलाफ जुर्माना की करवाई प्रारंभ की है ।इसके बाद कई दुकानदार अपना सामान हटाते हुए भी नजर आए।

## लखनऊ से आलिम की पढ़ाई पूरी करके आये मौलवी अब्दुल अज़ीम नदवी का साथियों ने किया इस्तकबाल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मोलवी अजीमुद्दीन नदवी मदरसा दारूल नदवतुल उलमा लखनऊ से आलिम की पढ़ाई पूरी करके वापस अपने आबाई गांव उनारसी पहुंचे जहां उनके साथियों ने उनका इस्तकबाल कर मुबारकबाद दी पिछले 3 वर्षो से लखनऊ के दारुल उलूम नदवतुल उलमा में कर रहे थे दीन की तालीम हासिल मोलवी अजीमुद्दीन नदवी ने सिर्फ़ 8 वर्ष की उम्र में वर्ष 2008 में सिरोंज का मशहूर मदरसा। मदरसा जामिया रियाजुल इस्लाम बढ़ी फाटक में लिया था दाखिला ज़हां पर उन्होंने वर्ष 2012 में हाफिज सुलेमान साहब के पास कुरान पाक का हिफ्ज मुकम्मल किया उसके बाद मदरसा बढ़ी फाटक में ही 8 वी क्लास तक



स्कूल में भी पढ़ाई की हिफ्ज़ ए कुरान मुकम्मल होने के बाद आगे फारसी अरबी उर्दू की पढ़ाई मदरसा के उस्ताद मुफ्ती सिद्दीक साहब कासमी मुफ्ती अली अहमद खान कासमी साहब के पास की उसके बाद वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश के ही मदरसा अलफलाह इंदौर में रहकर 5 वर्ष तक आलिमियत की पढ़ाई की फिर हिन्दुस्तान का मशहूर व मारुफ मदरसा दारूल उलूम नदवतुल उलमा लखनऊ में रहकर आलिमियत की पढ़ाई मुकम्मल की उनके वापस आने पर साथियों इस्तकबाल किया और मुबारकबाद दी वहीं मोलवी अजीमुद्दीन ने कहा अल्लाह का एहसान है मां बाप कुर्बानियां और मदरसा बढ़ी फाटक के असातिज़ह की मेहनत और आप सब की दुआएं हैं जो अल्लाह ने इस मक़ाम तक पहुंचाया है

**मेट्रो एंकर** समय सीमा में कार्य न करने पर भाजपा पार्षद आये ठेकेदार के विरोध में

# ठेका निरस्त करने व ठेकेदार को नपा से ब्लैक लिस्ट करने के लिए दिया आवेदन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को वार्ड नंबर 5 के पार्षद अजमल शेर खान ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली एवं नगर के विकास कार्य में रोडा बन रहे ठेकेदार के विरुद्ध नगरपालिका की सीढ़ियों पर मोन बैठ कर प्रदर्शन किया।

सीढ़ियों पर अजमल शेर खान को बैठा देख कर वार्ड नंबर 16 के पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी कन्ना एवं वार्ड नंबर 7 के पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू यादव ने भी प्रदर्शन में साथी पार्षद का साथ दिया वो भी अजमल शेर खान के साथ ही नगरपालिका की सीढियों पर बैठ गए जब इस प्रदर्शन की खबर नगरपालिका सीएमओ राम प्रकाश को लगी तो वो भी मोन प्रर्दशन कर रहे पार्षदों के बीच आकर बैठे। सीएमओ श्री साहू ने प्रदर्शन कर रहे पार्षद को आश्वासन दिया की उक्त को अंतिम नोटिस तीन दिनों का दिया जाएगा अगर ठेकेदार अनुबंध कर निर्माण कार्य शुरू करता तो उस ठेकेदार का ठेका निरस्त कर ब्लेक लिस्ट की भी करवाही की जा सकती है उस के बाद ही जो पार्षद मोन प्रर्दशन कर रहे थे उन पार्षदों ने



सीएमओ को एक आवेदन दिया जिसमें लेख है किया गया है कि डायमंड कंस्ट्रक्शन के प्रोपराईटर गजेन्द्र सिंह चौहान को नगरपालिका द्वारा वार्ड न05 का रोड एंव नगर के अन्य कार्य के लिए तीन-चार बार कार्य का अनुबंध करने के एंव निर्माण कार्य चालू करने के संबंध में नोटिस भी दिया जा चुका है, जिसका मुझे ज्ञात हुआ है एंव आपके द्वारा भी मेरे सामने ठेकेदार गजेन्द्र सिंह चौहान से रोड निर्माण कार्य चालू करने के संबंध में आपके द्वारा मौखिक रूप से आदेश भी दिया जा चुका है, और मेरे द्वारा डायमंड कंस्ट्रक्शन के प्रोपराईटर गजेन्द्र सिंह से कई बार वार्ड न05 के अहिल्या बाई मार्ग के रोड निर्माण के संबंध में कहा जा चुका है, लेकिन कार्य आज दिनांक तक कार्य प्रांरभ नहीं किया गया है।

### ताकि निर्माण ऐजेंसियां नगर के विकास में रोडा न बन सके

उक्त निर्माण कार्य का ठेका निरस्त कर डायमंड कंस्ट्रक्शन को सिरोंज नगरपालिका कार्यो के लिए ब्लेक लिस्ट किया जाये जिससे निर्माण कार्य ऐजेंसियां नगर के विकास में रोडा न बन सके।

# चैंपियंस ट्रॉफी में आज होगा भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला

## इसी टीम को हराकर पिछली बार फाइनल में पहुंची थी टीम इंडिया


**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय टीम आज बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने कैंपेन का आगाज करेगी। दोनों टीमें ग्रुप-ए में शामिल हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है। दोनों ने 2-2 खिताब जीते हैं। वहीं, बांग्लादेश को पहले खिताब की तलाश है। भारत और बांग्लादेश इस टूर्नामेंट के इतिहास में केवल एक बार भिड़ी हैं। यह मुकाबला 2017 के सीजन में हुआ था। तब बर्मिंघम में खेले गए सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इसमें कप्तान रोहित शर्मा ने नाबाद 123 रन की पारी खेली थी।

हेड-टु-हेड में भारत आगे ओवरऑल वनडे में दोनों टीमें 41 बार आमने-सामने हुईं। इसमें भारत ने 32 और बांग्लादेश ने 8 मैच जीते। जबकि 1 मैच का रिजल्ट नहीं निकल सका। दोनों टीमें वनडे में आखिरी बार 2023 वर्ल्ड कप के दौरान एक-दूसरे का सामना की थीं। यह मुकाबला भारत 7 विकेट से जीता था। गिल इस साल टीम के टॉप स्कोरर भारत के उपकप्तान शुभमन गिल इस साल वनडे में टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 259 रन बनाए हैं।



दूसरे नंबर पर श्रेयस अय्यर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 181 रन बनाए हैं। बॉलिंग में तेज गेंदबाज हर्षित राणा टॉप पर हैं। उन्होंने इस साल 3 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 2 मैचों में 6 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। महमूदउल्लाह ने टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए बांग्लादेश के लिए इस साल महमूदउल्लाह ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 9 मैचों में 337 रन बनाए हैं। फास्ट बॉलर तस्कीन अहमद इस दौरान टॉप विकेट टेकर हैं। तस्कीन ने 7 मैचों में 14 विकेट झटके हैं। पिच और टॉस रिपोर्ट दुबई की पिच पहले काफी धीमी रहती थी। अब ऐसा नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई में भारत को मिलने वाली पिच नई होगी। दुबई स्टेडियम में दो ऐसी फ्रेश पिचें हैं, जिनका इस्तेमाल हाल में किसी भी मैच के लिए नहीं किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पिचें थोड़ी तेज होंगी, जिससे स्पिनरों को फायदा मिलेगा। यहां दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम के जीत का रिकॉर्ड ज्यादा अच्छा है, ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले फील्डिंग का फैसला ले सकती है। यहां अब तक 58 वनडे खेले गए हैं। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 22 और दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम ने 34 मैच जीते। वहीं, एक-एक मैच बेनतीजा और टाई रहा। यहां का हाईएस्ट स्कोर 355/5 है, जो इंग्लैंड ने 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। दुबई वेदर रिपोर्ट भारत-बांग्लादेश मुकाबले में बारिश खलल डाल सकती है। 20 फरवरी को दुबई में बारिश के चांसेज भी हैं।




# अब मैच के दौरान टेनिस खिलाड़ी ले सकेंगे कोच की सलाह

**लंदन. एजेंसी**

इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आइटीएफ) ने घोषणा करते हुए कहा कि अब खिलाड़ी मैच के दौरान भी अपने कोच से सलाह ले सकेंगे। यह फैसला आइटीएफ की सालाना बैठक के दौरान लिया गया। आइटीएफ ने कहा कि अब इस नियम को पूरे तौर पर सभी टूर्नामेंट में लागू किया जा चुका है। इससे पहले, कोच अपने खिलाड़ियों के साथ सिर्फ अभ्यास सत्र के दौरान बात कर सकते थे लेकिन मैच के दौरान उन्हें बात करने की अनुमति नहीं थी। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन ने कहा, हमने इस खेल से जुड़े सभी अहम लोग, जिसमें कोच, खिलाड़ी और चेयर अंपायर शामिल हैं, उनसे बात करने के बाद यह नियम लागू करने का फैसला लिया है। खिलाड़ियों का मानना है कि यह एक सकारात्मक कदम हैं और इससे खेल अधिक रोमांचक बनेगा?

### शापोवालोव ने की आलोचना

कनाडा के 25 वर्षीय खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव ने कहा, एक खिलाड़ी और एक प्रशंसक के तौर पर मैं इस नए नियम के लागू होने से काफी निराश हूं। टेनिस इसलिए विशेष खेल है, क्योंकि जब आप कोर्ट पर उतरते हैं तो अकेले होते हैं। आखिर आप खेल की इस सुंदरता को क्यों खत्म कर रहे हैं?



## मेट्रो बाजार

# दाल और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें बिगाड़ रहीं है जायका

**मुंबई. एजेंसी**

खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें निम्न आय वर्ग वालों के आने वाले त्योहार का जायका खराब करेगी। खाने-पीने की खरीदारी में अधिक खर्च होने से कम आय वाले उपभोक्ता वस्तुओं की खरीदारी को टाल रहे हैं और इसका असर फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स की खरीदारी पर भी देखने को मिल सकता है। त्योहार के दौरान आलू, प्याज, टमाटर, घी, तेल जैसी वस्तुओं का अधिक इस्तेमाल होता है और इन सबकी कीमतें पिछले साल की तुलना में 10 फीसदी से अधिक बढ़ी है। जानकारों का कहना है कि देश में 60 फीसदी से अधिक लोग प्रतिमाह सिर्फ 10,000 से 30,000 रुपए तक कमाते हैं। ऐसे में उनकी कमाई का अधिक हिस्सा खाने-पीने परखर्च हो रहा है। इन लोगों पर अधिक मार पड़ रही है। टमाटर 5600 रुपए प्रति क्विंटल महंगा कृषि वस्तुओं की थोक कीमतें दर्शाने वाली सरकारी साइट एजीमार्कनेट के मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले इस साल प्याज की थोक कीमतों में 2000 रुपए प्रति क्विंटल का इजाफा हुआ है। आलू के थोक दाम में 400 रुपए तो टमाटर में 5600 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी है। दाल की थोक कीमतों में भी पिछले साल की तुलना में इस साल 10 फीसदी का इजाफा हुआ है। गेहूं की औसत थोक कीमतों में 11-17 फीसदी की बढ़ोतरी दिख रही है। सरसों तेल और घी का भी अधिक इस्तेमाल होता है और इन दोनों की कीमतें भी बढ़ी हुई है।



## इंग्लैंड ने फिनलैंड को 2-0 से दी शिकस्त

**लंदन. एजेंसी**

इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन ने नेशंस लीग के ग्रुप-बी मुकाबले में फिनलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। हैरी केन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का कुल 100वां मुकाबला खेला और इसे यादगार बनाते हुए दो गोल दागे।

# दूध उत्पादन में भारत नंबर-1 अमरीका को पीछे छोड़ा!

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारत ने 2.31 करोड़ टन दूध उत्पादन के साथ अमरीका को पीछे छोड़ दिया है। हम विश्व में पहले स्थान पर हैं। हमारी दूध उत्पादन की वृद्धि दर 6 फीसदी है, जबकि वैश्विक दूध उत्पादन की वृद्धि दर 2त्न ही है। यह बात केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ने गुजरात के आणंद में एनडीडीबी के हीरक जयंती समारोह में कही। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन से जुड़े 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार सहकारी क्षेत्र के दायरे से बाहर हैं, जिन्हें सहकारी क्षेत्र में लाने की जरूरत है। उन्हें अभी उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण शोषण का सामना करना पड़ रहा है। डेयरी कारोबार से जुड़े 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों में केवल 1.5 करोड़ ही सहकारी क्षेत्र का हिस्सा हैं। उन्होंने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) से यह सुनिश्चित करने को कहा कि डेयरी से जुड़े लोगों को उनके उत्पाद का पूरा मूल्य मिले। शाह ने कहा कि



केंद्र सरकार 2 लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) बनाने जा रही है। यह हमारे सहकारिता के ढांचे को बहुत मजबूती देगी। उन्होंने कहा कि हम एक लाख नई और मौजूदा डेयरियों को सशक्त करेंगे। इस दूसरी श्वेत क्रांति से मिल्क रूट्स का भी विस्तार होगा। हाल ही में श्वेत क्रांति 2.0 की एसओपी जारी की गई है। अब पूरे डेयरी क्षेत्र के सभी संयंत्र भारत में मेक इन इंडिया के तहत बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज अमूल ब्रांड पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है जो हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल- विदर्भ 260 रन से आगे, मुंबई से आकाश का शतक; केरल के खिलाफ गुजरात 235 रन पीछे

**अहमदाबाद/नागपुर. एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। बुधवार को मैच के तीसरे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ 260 रन से आगे हो गया है। टीम ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 147 रन बना लिए। मुंबई से पहली पारी में आकाश आनंद ने शतक लगाया।

दूसरे सेमीफाइनल में केरल के खिलाफ गुजरात 235 रन से पीछे है। टीम ने अपनी पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 222 रन बना लिए हैं। केरल ने पहली पारी में 457 रन बनाए।

नागपुर के स्टेडियम में मुंबई ने तीसरे दिन 188/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तनुष कोटियन ने 5 और ओपनर आकाश आनंद ने 67 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। टीम 270 रन बनाकर सिमट गई। आकाश ने 106 रन बनाए। कोटियन 33 और मोहित अवस्थी 10 रन बनाकर आउट हुए। विदर्भ से पार्थ रेखडे ने 4 विकेट लिए। यश ठाकुर और हर्ष दुबे को 2-2 विकेट मिले। वहीं दर्शन नालकंडे और नचिकेत भूते ने 1-1 विकेट लिया। विदर्भ ने अपनी पहली पारी में 383 रन बनाए थे, इसलिए उन्हें 113 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में विदर्भ ने जल्दी विकेट गंवाए विदर्भ ने दूसरी पारी में 56 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। अथर्व तायडे खाता भी नहीं



खोल सके। वहीं ध्रुव शोरे ने 13, दानिश मालेवार ने 29 और करुण नायर ने 6 रन बनाए। स्टंप्स तक यश राठौड़ 59 और अक्षय वाडकर 31 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

विदर्भ ने 4 विकेट खोकर 147 रन बना लिए हैं। इसलिए उनके पास फिलहाल 260 रन की बढ़त है। मुंबई से शम्स मुलानी 2 विकेट ले चुके हैं। शार्दूल ठाकुर और तनुष कोटियन ने 1-1 विकेट लिया।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीसरे दिन केरल ने 418/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। आदित्य सरवटे 11, एमडी नीधेश 5 और एन बासिल 1 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद अजहरुद्दीन 177 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। टीम ने 457 रन बनाए। गुजरात से अर्जन नागवासवाला ने 3 विकेट लिए। चिंतन गाजा को 2 विकेट मिले। प्रियजीतसिंह जडेजा, रवि बिश्नोई और विशाल जायसवाल को 1-1 विकेट मिला। 2 बैटर्स रनआउट भी हुए। गुजरात ने 1 ही विकेट गंवाया गुजरात ने अपनी पारी में 71 ओवर बैटिंग की और महज 1 विकेट गंवाकर 222 रन बना लिए। प्रियांक पांचाल 117 और मनन हिंगराजिया 30 रन बनाकर नॉटआउट रहे। आर्या देसाई 73 रन बनाकर आउट हुए। बासिल को इकलौता विकेट मिला। गुजरात फिलहाल 235 रन पीछे हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# फिल्म 'गजनी 2' से धूम मचाने को तैयार आमिर खान और सूर्या

'गजनी 2' पर आधिकारिक रूप से काम शुरू हो गया है और हर नए अपडेट के साथ फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच रहा है। वहीं, अब फिल्म को लेकर दर्शकों को अन्य दिलचस्प जानकारी का इंतजार है। ऐसे में फिल्म को लेकर नया खुलासा हुआ है। 'गजनी 2' को लेकर नई जानकारी यह है कि आमिर खान और सूर्या कथित तौर पर अपनी 2008 की ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल की शूटिंग एक ही समय पर करने वाले हैं। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने यह निर्णय लिया है, क्योंकि उनका इरादा फिल्म को हिंदी और तमिल दोनों में रिलीज करने का है। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य किसी भी संस्करण को रीमेक के रूप में लेबल किए जाने से रोकना है। इससे पहले सूर्या ने पुष्टि की थी कि गजनी 2 पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा, गजनी 2 के बारे में अब मुझसे पूछना वाकई आश्चर्यजनक है। लंबे समय के बाद अल्लू अरविंद इस सीक्वल के विचार के साथ आए और कहा कि क्या यह संभव होगा। मैंने कहा निश्चित रूप से सर, हम इस पर विचार कर सकते हैं। सूर्या ने आगे कहा, हां, बातचीत शुरू हो गई है, चीजें प्रक्रिया में हैं। गजनी 2 बन सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर खान और सूर्या दोनों ही गजनी 2 को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन वे अपनी फिल्म पर रीमेक का टैग नहीं चाहते हैं। उन्हें डर था कि यदि एक संस्करण पहले जारी कर दिया गया तो इससे दूसरे संस्करण की नवीनता खत्म हो जाएगी। इस पर अरविंद और मंटेना ने गजनी 2 के दोनों संस्करणों के लिए एक साथ शूटिंग और रिलीज की रणनीति का सुझाव दिया। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि आमिर खान और सूर्या एक साथ रिलीज के विचार पर काफी हद तक सहमत हो गए हैं।





# 'देसी गर्ल' को याद आ रहा बॉलीवुड! वापसी को लेकर प्रियंका ने दिया हिंट

प्रियंका चोपड़ा ने अपने भारत दौरे के दौरान बॉलीवुड फिल्मों में वापसी को लेकर हिंट दिया है। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि वह हिंदी में बोलना, गाना और नाचना चाहती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी पहचान हॉलीवुड तक बनाई है। 'देसी गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री ने अमेरिकी गायक निक जोनस से शादी की और विदेश जाकर बस गईं। हालांकि, वह अक्सर भारत दौरे पर आती रहती हैं। अभिनेत्री हाल ही में अपने मेकअप ब्रांड मैक्स फैक्टर के लॉन्च के लिए मुंबई, भारत में थीं। प्रियंका को आखिरी बार 2019 में फरहान अख्तर के साथ बॉलीवुड फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था। अपने भारत दौरे के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें 'स्लो-मोशन डांसिंग' की याद आती है। फोर्ब्स से बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, 'मुझे हिंदी में नाचना, गाना और बोलना या किसी दूसरी भाषा में बोलना बहुत याद आता है। मुझे स्लो-मोशन डांसिंग की याद आती है। मैं सभी से कह रही हूं, मेरे पास कुछ सही लेकर आओ। मैं बहुत सारी स्क्रिप्ट का आकलन कर रही हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही कुछ तय कर लूंगी। इसके अलावा, प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड और बॉलीवुड के बीच के अंतर पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में लोगों के पास बहुत सारे 'जुगाड़' होते हैं और काम करवाने का रवैया होता है। उन्होंने कहा, हम इसे लेकर थोड़े रोमांटिक हैं, जैसे 'अरे हो जाएगा, कर लेंगे', इसलिए यह काम करने का एक बहुत ही अलग तरीका है। मुझे लगता है कि हमारी रचनात्मकता कभी-कभी बहुत ही ऑर्गेनिक हो सकती है। यही सबसे बड़ा अंतर है जो मैंने देखा है। नहीं तो दुनिया भर में फिल्म निर्माण एक ही भाषा बोलता है।



# आलिया ने ननद रिद्धिमा को कहा... गॉसिप क्वीन



आलिया भट्ट ने अपनी ननद रिद्धिमा कपूर को सबसे बड़ी गॉसिप क्वीन बताया और फैब्युलस लाइव्स के प्रमोशन के दौरान अपनी ननद के साथ अपने मजेदार रिश्ते का भी खुलासा किया। रिद्धिमा फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स के तीसरे सीजन में रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी साहा चावला जैसे नए चेहरे सुर्खियों में आए हैं। इस शो के तीसरे सीजन से दिवंगत ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी रियलिटी टेलीविजन की दुनिया में कदम रख रही हैं। एक सफल उद्यमी के रूप में कई सालों के बाद रिद्धिमा अपने परिवार की तरह ही सिनेमा को जारी रखते हुए स्क्रीन पर अपनी शुरुआत कर रही हैं, जिसमें पहले से ही उनका पूरा परिवार शामिल हैं। आलिया ने मजाक में रिद्धिमा को चिढ़ाते हुए उन्हें परिवार की सबसे बड़ी गॉसिप क्वीन कहा। आलिया ने कहा उनकी ननद हर खबर जानती है और अक्सर सबसे मजेदार गॉसिप करती है, जो लगभग हमेशा सच होती है। आलिया ने साझा किया, अगर कोई है जो दुनिया की सभी खबरों को जानता है, तो वह रिद्धिमा है। वह सहजता से सबसे बड़ी गॉसिप बम गिराती है, और उसका ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग है। वह रणबीर से भी ज्यादा जानती है! आलिया ने यह भी कहा कि रिद्धिमा ना केवल एक बेहतरीन गॉसिपर हैं, बल्कि एक बेहद दयालु और प्यार करने वाली इंसान भी हैं। आलिया ने चुटकी लेते हुए कहा, वह राहा की सबसे शानदार बुआ हैं। रिद्धिमा की बदौलत मैं दिन में कम से कम 20 बार 'उमा जोशी ये ये ये' गाती हूं। आगे आलिया ने कहा कि रिद्धिमा सिर्फ एक ननद नहीं हैं- वह एक बहन की तरह हैं। मैं अपने जीवन में उन्हें पाकर बहुत धन्य महसूस करती हूं। रिद्धिमा ने अपने भाई रणबीर और उनकी बेटी राहा के साथ घनिष्ठ संबंध के बारे में भी बात की।



### बिलखिरिया थाना क्षेत्र का मामला, दूसरा बच्चा पीटता रहा दरवाजा

# डेढ़ साल के अबोध बच्चे को झूले में सुलाकर मां ने लगाई फांसी

**पति फंदे से उतारकर ले गया अस्पताल, हो चुकी थी मौत**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित ट्रांस्पोर्ट नगर में बुधवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगा ली। पति उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही पति और आसपास के लोगों से पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मूलतः इटारसी निवासी प्रगति साहू पति मोनू साहू (30) ट्रांस्पोर्ट नगर, बिलखिरिया में रहती थी। करीब 11 साल पहले उसकी मोनू से शादी हुई थी। मोनू कान्हासैया में किसी कंपनी में काम करता है। मोनू ने पुलिस को बताया कि बुधवार वह कंपनी चला गया था। उसका चार साल का बेटा स्कूल गया था, जबकि घर पर प्रगति और डेढ़ साल का बेटा था। दोपहर करीब एक बजे उसकी प्रगति से मोबाइल पर बातचीत हुई। प्रगति ने बताया कि बेटा स्कूल से नहीं आया है, जबकि छोटा बेटा झूले में सो रहा है।



## गेट नहीं खुला तो पड़ोसियों ने पति को बुलाया

डेढ़ बजे के आसपास प्रगति का बेटा स्कूल से घर लौटा था। गेट खोलने उसने मां को आवाज दी, लेकिन गेट नहीं खुला। वह रोने लगा, तभी पड़ोसी पहुंचे और उन्होंने गेट खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन गेट नहीं खुला। पड़ोसी ने मोनू को कॉल कर गेट नहीं खुलने की बात कही। मोनू ने प्रगति को कॉल किया पर उसने कॉल रिसीव नहीं किया। अनहोनी की आशंका होने पर मोनू घर पहुंचा। उसने भी प्रगति से गेट खुलवाने का प्रयास था, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।


## दसवीं की छात्रा का अपहरण कर युवक ने की छेड़छाड़

**भोपाल।** नजीराबाद इलाके में स्कूल से बाहर निकली दसवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसे घर छोड़ने के बहाने उसका अपहरण कर लिया और दोस्त के खेत पर ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने युवक की हरकत के बारे में बताया, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी कृष्णासिंह ठाकुर ने बताया कि इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी दसवीं कक्षा में पढ़ती है। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह स्कूल से निकलकर घर जा रही थी, तभी उसे अभिषेक पाल नामक युवक मिल गया। उसने घर छोडने् के बहाने छात्रा को अपनी बाइक पर बिठाया और एक दोस्त के खेत पर ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत कर दी।

## मिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित मानाकुंद मंजरा सियारकला में एक मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गांव मानाकुंद मंजरा सियारकला निवासी 22 साल का बृजेश अहिरवार मिस्त्री का काम करता था। वह परिवार के साथ रहता था। परिजन ने पुलिस को बताया कि बृजेश रोज सुबह दस बजे सोकर उठता था। इसके बाद काम पर जाता था। मंगलवार उसने खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकला। परिजन उसके कमरे के बाहर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी बृजेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो बृजेश की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। प्रेम प्रसंग में असफल होने की आशंका पुलिस की पूछताछ में पता चला कि बृजेश की शादी नहीं हुई थी। पूछताछ में पता चला कि उसने प्रेम प्रसंग में असफल होने पर फांसी लगाई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई जा रही है।

## महिलाओं को मजदूरी के लिए ले जा रहा बैट्री ऑटो पलटा, एक की मौत, 8 घायल



**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में इस्लाम नगर सीमेंटेड रोड पर अमरूद के बगीचे के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार बैट्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 अन्य महिलाएं घायल हुई हैं। घायल महिलाओं को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसा क्षमता से अधिक सवारी बिठाने और ओवरस्पीड के कारण हुआ है। पुलिस ने आटो जब्त कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।क्षमता से अधिक थी सवारी, अनियंत्रित होकर पलटने से दबी महिला की मौत पुलिस के मुताबिक ईटखेड़ी निवासी शिराज बी पत्नी असगर अली (56) मजदूरी करती थीं। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह और 8 अन्य महिलाएं मजदूरी के लिए ईटखेड़ी से इस्लाम नगर जा रही थी। सभी महिलाएं एक ही बैट्री ऑटो में सवार थीं। अमरूद के बगीचे के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बैट्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटने से शिराज बी उसके नीचे दब गई थीं। ऑटो की छत में फंसने से उनकी गर्दन बुरी तरह कट गई। माथे पर भी गंभीर चोट आई थी। आटो छोड़कर भागा ड्राइवर महिलाओं ने बताया कि आटो अनियंत्रित होकर पलट रहा था, तभी गेट के पास बैठी शिराज बी नीचे गिर गई। उनके गिरते ही आटो उन पर पलट गया। इससे उन्हें माथे पर चोट आई थी, जबकि उनकी गर्दन पीछे से करीब ढाई इंच तक कट गई थी। खून अधिक बहने के

## एएसआई ठाकुर व हेड कांस्टेबल सहित डॉग हेन्डलर सम्मानित

**भोपाल।** 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024-25 में मध्यप्रदेश पुलिस के डॉग स्क्वाड प्रतियोगिता में ट्रेकर डॉग केटेगरी में डॉग काया को स्वर्ण पदक और ओवरऑल बेस्ट डॉग का पुरस्कार, सहायक उप निरीक्षक हीरा सिंह ठाकुर ने कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता अंतर्गत इवेंट 1 में कांस्य पदक तथा साइंटिफिक एडस्टू इन्वेस्टिगेशन के अंतर्गत ऑब्जर्वेशन टेस्ट में कार्यवाहक प्रधान आरक्षक सुंदर श्याम तिवारी को ब्रांच मेडल प्राप्त किया। यह उपलब्धि प्राप्त करने पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने उन्हें प्रमाण-पत्र सौंपकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ राकेश गुप्ता, सेनानी 7वीं वाहिनी हितेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। डीजीपी मकवाणा ने मध्य प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों से कहा कि यह प्रतियोगिताएं प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं बल्कि एक-दूसरे से सीखने के लिए प्रेरित करती हैं। इनसे विपरीत परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने में सहायता मिलती है। मकवाणा ने दी शुभकामनाएं डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि सहायक उप निरीक्षक हीरा सिंह ठाकुर, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक सुंदर श्याम तिवारी तथा डॉग काया ने झारखंड में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में अपने कौशल का प्रदर्शन कर पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा एवं उच्च कोटि के खेल का प्रदर्शन किया है। ठाकुर ने कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में कांस्य पदक, तिवारी पुलिस ऑब्जर्वेशन टेस्ट में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा एवं दक्षता का परिचय दिया है। इससे मध्यप्रदेश पुलिस गौरवान्वित हुआ है। यह उपलब्धि प्राप्त किए जाने पर डीजीपी मकवाणा ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## दिव्यांग बच्चे ने डायपर में की पेशाब तो स्कूल से निकाला, जांच के निर्देश

**भोपाल** । राजधानी स्थित एक निजीस्कूल में दिव्यांग बच्चे के डायपर में पेशाब करने पर स्कूल से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। मामले में संज्ञान लेते हुए मप्र मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, भोपाल शहर में एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले एक दिव्यांग बच्चे द्वारा डाइपर में पेशाब करने पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चे को स्कूल से बाहर निकाल दिया। मामले का खुलासा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग बच्चे के पिता द्वारा शिकायत करने के बाद हुआ है। पिता ने शिकायत में बताया कि बेटे की बॉडी का मूवमेंट और पॉश्चर ठीक नहीं रहता है। उन्होंने उसका एडमिशन शिवाजी नगर के एक निजी स्कूल में करवाया था, जहां विगत 29 जनवरी को दिव्यांग बेटे ने स्कूल में डाइपर में बाथरूम कर दिया था, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने उसे स्कूल से बाहर निकाल दिया और कई बार निवेदन के बाद भी बच्चे का एडमिशन नहीं किया जा रहा है। स्कूल में एडमिशन नहीं होने के कारण दिव्यांग बच्चा शिक्षा के मौलिक अधिकार/मानव अधिकार से वंचित रह रहा है।

# दुकान में घुसकर दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला, बीचबचाव में पत्नी घायल



**निशातपुरा स्थित बृज कॉलोनी की घटना, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित बृज कॉलोनी करोंद में एक युवक ने दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे के आसपास की है। गले और सीने पर चाकू लगने से दुकानदार को गंभीर चोट आई है। दुकानदार पर जानलेवा हमला होता देख आरोपी की पत्नी ने बीच बचाव किया तो उसे भी हाथ में चाकू लगा है। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 50 साल के अशोक कुमार शाक्य, शिव नगर छोला में रहते हैं। उनकी बृज कॉलोनी करोंद में साड़ियों की दुकान हैं।

अशोक कुमार शाक्य ने बताया कि उनकी दुकान पर करीब ढाई महीने से स्वाती बघेल काम कर रही है। स्वाती का पति रामराज बघेल गांव में रहता था। अभी दो तीन दिन पहले ही भोपाल आया है। वह शराब पीने का आदी है और चाहता है कि पत्नी बाहर काम न करें। इस बात को लेकर दंपती में आए दिन विवाद होने लगा?था। दुकान में घुसते ही हमला अशोक कुमार शाक्य ने बताया कि बुधवार शाम वह दुकान पर थे। स्वाती भी दुकान में थी। इस दौरान आरोपी चाकू लेकर दुकान में घुस गया। उसने गाली गलौज की और एकाएक चाकू से हमला कर दिया। चाकू अशोक कुमार के गले और सीने में बाएं ओर लगा है। अशोक कुमार पर चाकू से जानलेवा हमला होता देख स्वाती ने बीच बचाव किया तो उसके बाएं हाथ की अंगूली कट गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। पत्नी पर करता है चरित्र संदेह हमले में गंभीर रूप से घायल हुए अशोक कुमार ने गले और सीने पर कपड़ा बांधा और थाने पहुंच गए। पुलिस ने हालत

# कार के डैशबोर्ड पर रखी ढाई लाख की नकदी लेकर भागे

**सीसीटीवी फुटेज और जांच के बाद पुलिस ने दर्ज किया चोरी का प्रकरण**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित सेंट जेवियर स्कूल के पास मुख्य सड़क पर बदमाश ने कार के डेसबोर्ड में रखी ढाई लाख रुपए की नगदी निकाली और स्कूटर सवार अपने साथी के साथ भाग निकला। कार सवार ने उसका पीछा किया, लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। दरअसल, कार सवार युवक को आनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करना था। इसी की जानकारी देने उक्त युवक उनके पास पहुंचा था। निवेश के बारे में कार सवार को समझ नहीं आया और उसने मना कर दिया तो आरोपी डेसबोर्ड में रखी नगदी लेकर भाग निकला। पुलिस ने उक्त मामले में एक नामजद आरोपी उसके साथी पर एफआईआर दर्ज की है।**




एसआई राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि पवन बेन पिता लक्ष्मी प्रसाद बेन (36) पुराना नगर गोविंदपुरा में रहते हैं और ऑनलाइन ट्रैडिंग का काम करते हैं। उनकी एक परिचत से ऑनलाइन ट्रैडिंग की बात हुई। उसने पवन को गत 6 जनवरी को सेंट जेवियर स्कूल के पास मिलने बुलाया। रात करीब 8 बजे पवन सेंट जेवियर स्कूल के पास पहुंचे। उन्होंने परिचित को कॉल किया तो उसने कहा कि वह अपने प्रतिनिधी को भेज रहा है। वह ट्रैडिंग के लाभ के बारे में जानकारी देगा। इस बीच पवन के पास एक युवक पहुंचा। उसने पवन को ऑनलाइन ट्रैडिंग के बारे में जानकारी दी, लेकिन पवन को उसकी बातें समझ नहीं आई और उन्होंने ट्रैडिंग में निवेश करने से मना कर दिया।

## स्कूटर सवार साथी था पहले से तैयार

पवन ने ढाई लाख रुपए की नगदी कार के डेसबोर्ड पर रखी थी। उनकी कार में आरोपी बैठा हुआ था। पवन के मना करते हुए आरोपी ने डेस बोर्ड में रखे रुपए ढाई लाख निकाले और भागने लगा। कुछ दूरी पर आरोपी का साथी स्कूटर लिए खड़ा था। आरोपी उसके साथ स्कूटर पर बैठा और फरार हो गया। पवन ने अवधपुरी तिराह तक स्कूटर सवार आरोपियों का पीछा किया, लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। इसके बाद पवन ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच की। घटनास्थल से अवधपुरी तक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर स्कूटर सवार आरोपी भागते हुए नजर आए और उनका पीछा करते हुए पवन की कार देखी गई। पुलिस ने पवन से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक नामजद आरोपी सूरज उर्फ अमन उर्फ गब्बर और उसके साथी पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

**मेट्रो एंकर** भौरी पुलिस अकादमी में एक दिवसीय सेमीनार, तीन डीएसपी सहित 31 पुलिस अधिकारी हुए शमिल

# अधिकारियों को समझाई विभागीय जांच की बारीकियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



पुलिस अकादमी भौंरी में मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार विभागीय जांच की प्रक्रिया, विभागीय जांच, प्रस्तुतकर्ता की भूमिका के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की बारीकियों पर था। इसमें भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी व पूर्व डीआइजी केबी शर्मा शामिल हुए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को विभागीय जांच के प्रमुख तथ्यों के बारे में जानकारी दी। सेमिनार पुलिस प्रशिक्षण शाखा और पुलिस अकादमी भोपाल की निदेशक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोनाली मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पूर्व डीआइजी केबी शर्मा ने प्राथमिक और विभागीय जांच की प्रक्रिया, जांचकर्ता एवम प्रस्तुत कर्ता की भूमिका, विभागीय जांच में किन बातों का ख्यान रखा जाता और अधिकारी को किन नियमों का पालन करना चाहिए। इसकी विशेष रूप से जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि केबी शर्मा भोपाल में पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के साथ पुलिस मुख्यालय में विशेष शाखा पदस्थ रह चुके हैं। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में संजीव पांडेय सेवानिवृत्त ला आफिसर राज्य सूचना आयोग भोपाल के द्वारा आवेदक के अधिकार लोकसूचना अधिकारी एवम सहायक लोक सूचना अधिकारी के दायित्व, कर्तव्यों की जानकारी दी। इसके अलावा लोक सूचना अधिकारी, सक्षम अधिकारी, अपीलीय अधिकारी के कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में तीन डीएसपी, 11 इंस्पेक्टर और 17 सब इंस्पेक्टर समेत करीब 31 पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में श्रद्धा जोशी सहायक निदेशक अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डीएसपी राजीव त्रिपाठी द्वारा






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022